RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 91 ● भिलाई, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने पिस्तौल के पुर्जे और पाकिस्तान निर्मित गोला-बारूद किया बरामद

**जालंधर।** पंजाब में सीमा पार तस्करी गतिविधियों के खिलाफ अपने निरंतर अभियान में सीमा सुरक्षा बल ने तरनतारन सीमा पर पिस्तौल के पुर्जे और कारतूस बरामद किए। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि शाम तरनतारन सीमा पर तलाशी के दौरान, सतर्क बीएसएफ जवानों ने नौशेरा ढल्ला गाँव के पास एक पिस्तौल की स्लाइड असेंबली वाली एक प्लास्टिक की बोतल बरामद की। बोतल पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटी हुई थी और उसमें एक धातु का तार लगा हुआ था, जो ड्रोन द्वारा गिराए जाने का संकेत देता है। प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह एक संदिग्ध ड्रोन गतिविधि पर नज़र रखते हुए बीएसएफ जवानों ने तरनतारन के राजोके गाँव से सटे एक खेत से 9 मिमी कैलिबर के 75 कारतूसों से भरा एक पैकेट सफलतापूर्वक जब्त किया।

### एनएचएम का 450 करोड़ रोकना निंदनीय-परगट

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और विधायक पद्मश्री परगट सिंह ने केंद्र सरकार की तरफ से पंजाब सरकार का 450 करोड़ रुपए के स्वास्थ्य फंड्स को रोकने की निंदा की। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा और पंजाब में आम आदमी पार्टी के बीच चल रही ब्रांडिंग की लड़ाई में आम लोगों को पीसा जा रहा है, जोकि सरासर गलत है। कांग्रेस पार्टी दोनों सरकारों की इस लड़ाई में पंजाब को राजनीतिक अखाड़ा नहीं बनने देगी। परगट सिंह ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की बकाया राशि तुरंत जारी करने की अपील करने के साथ-साथ आप सरकार से भी विज्ञापन की राजनीति छोड़कर ज़िम्मेदार शासन अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस फंड का फायदा आम लोगों को मिलना है, उन्हें इससे वंचित न किया जाए। उन्होंने कहा कि मान सरकार ने 2023 में आयुष्मान भारत केंद्रों का नाम बदलकर 'आम आदमी क्लीनिक' करने के फैसले को गलत ठहराया। परगट सिंह ने कहा कि यह कदम राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का उल्लंघन था, जिसके कारण पंजाब को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पंजाब सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य की बजाय अपनी राजनीतिक ब्रांडिंग को प्राथमिकता दी।

### दाऊद इब्राहिम के करीबी सलीम डोला के ड्रग नेटवर्क पर छापा

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी सलीम डोला से जुड़े ड्रग सिंडिकेट पर शिकंजा कसा है। मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम 2002 के तहत ईडी ने मुंबई में 8 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह छापेमारी फैसल जावेद शेख और अल्फिया फैसल शेख की ओर से संचालित एक ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़ी अवैध कमाई का पता लगाने के लिए की गई है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि फैसल शेख, कुख्यात ड्रग तस्कर सलीम डोला के जरिए एमडी जैसे ड्रग्स की खरीद-फरोख्त कर रहा था।

भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता साझा प्रगति का खाका

# वैश्विक मानक के लिए साझेदारी करें कंपनियां:पीएम मोदी

मुंबई/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लोगों की साझा प्रगति और समृद्धि का खाका (रोडमैप) है. इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने व्यवसायों से ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने का आह्वान किया जहां वे वैश्विक मानक स्थापित कर सकें. उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के एक मंच को संबोधित करते हुए भारत की नीतिगत स्थिरता, अनुमान-योग्य नियमन और व्यापक मांग पर प्रकाश डाला. उन्होंने ब्रिटिश कंपनियों को बुनियादी ढांचा, दवा, ऊर्जा और वित्त जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया. मोदी ने कहा, भारत की प्रतिभा एवं व्यापक स्तर और ब्रिटेन के शोध एवं विकास एवं विशेषज्ञता का संयोजन बेहतर परिणाम दे सकता है. लक्षित और समयबद्ध ढंग से आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आपकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है. मैं आपको भारत की वृद्धि गाथा में भागीदार बनने का निमंत्रण देता हूं. उन्होंने कहा कि जुलाई में व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर होने के साथ भारत एवं ब्रिटेन के संबंध और मजबूत हुए हैं. उन्होंने कहा, वर्तमान वैश्विक अस्थिरता के बीच इस वर्ष भारत-ब्रिटेन संबंधों में और मजबूती देखी गई है. इस वर्ष जुलाई में हमने सीईटीए पर हस्ताक्षर किए हैंज यह महज व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच



साझा प्रगति, समृद्धि और साझा लोगों के लिए 'रोडमैप' है. मोदी ने कहा, बाजार पहुंच मिलने के साथ यह समझौता एमएसएमई को बढ.ावा देगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा. ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कॉरपोरेट दिग्गजों से यह जानना चाहा कि दोनों देशों की सरकारें अवसरों का लाभ उठाने से रोकने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कर सकती हैं. स्टार्मर ने कहा, हम इस व्यापार समझौते से जुड़ी संभावनाओं को अधिकतम करने में आपका सहयोग करना चाहते हैं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जुलाई में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद से व्यापार और निवेश में छह अरब पाउंड की वृद्धि हुई है. स्टार्मर की भारत यात्रा दोनों देशों द्वारा एक मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) पर हस्ताक्षर करने के ढाई महीने बाद हो रही है. इस समझौते से बाजार पहुंच बढ.गी, शुल्कों में कटौती होगी और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होने की उम्मीद है. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि फ्लिहाल 56 अरब डॉलर का भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय व्यापार 2030 की समयसीमा से पहले ही दोगुना हो सकता है. जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी की लंदन यात्रा के दौरान इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया था.उन्होंने कहा, आज दूरसंचार, एआई, बायोटेक, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाएं हैं.

### भारत में ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय खोलेंगे परिसर-पीएम मोदी

उन्होंने कहा, आज भारत की नीति में स्थिरता है, नियमों में पारदर्शिता है और बड़े पैमाने पर मांग भी मौजूद है। बुनियादी ढांचे, दवाइयों, ऊर्जा और वित्त सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर मौजूद हैं। यह भी खुशी की बात है कि ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर (कैंपस) खोल रहे हैं। आने वाले समय में शिक्षा और उद्योग के बीच की साझेदारी हमारी नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। उन्होंने कहा, आज टेलीकॉम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोटेक, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में हमारे बीच सहयोग की अनगिनत नई संभावनाएं उभर रही हैं।

पंजाब में खेल क्रांति!

## केजरी ने 3100 गांवों में रखे खेल मैदानों के आधार

**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पंजाब के 3,100 गाँवों में खेल के मैदानों की आधारशिला रखी और दावा किया कि आज़ादी के बाद से किसी भी सरकार ने ऐसा नहीं किया। बठिंडा में एक सभा को संबोधित करते हुए, केजरीवाल ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आज़ादी के बाद से अब तक किसी भी सरकार ने अपने नागरिकों के लिए गाँवों में खेल के मैदान नहीं बनवाए हैं। 3100 गाँवों में वॉलीबॉल, हॉकी, क्रिकेट और अन्य खेलों के लिए खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि आप युवा क्लब के सदस्यों को



इन खेल के मैदानों के निर्माण की देखरेख करनी होगी और खेल उपकरणों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी, जो राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाएँगे। केजरीवाल ने पंजाब में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई का भी ज़िक्र किया।



भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में संसद भवन में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, डॉ. वीरेंद्र कुमार और केंद्रीय राज्य मंत्री, श्री बी.एल. वर्मा से मुलाकात की।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा

## एक राष्ट्र एक चुनाव को बताया समय की मांग..

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा की पुरज़ोर वकालत की और इसे समय की माँग बताया। चौहान ने ज़ोर देकर कहा कि बार-बार चुनाव देश के विकास में बाधा बनते हैं। उन्होंने कहा कि यह समय की माँग है। बार-बार चुनाव अक्सर देश के विकास में बाधा बनते हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन लाया जाना चाहिए। इस बीच, न्यूयॉर्क में, सांसद और एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति के



अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के पहले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और 8 अक्टूबर, 2025 को तीसरी समिति में आम बहस के दौरान एक प्रभावशाली राष्ट्रीय वक्तव्य दिया।

साहित्य के नोबेल पुरस्कार का एलान

## लेखक लास्जलो क्रास्नाहोरकाई को मिलेगा यह नोबेल सम्मान..

नई दिल्ली/ एजेंसी

साहित्य में 2025 के नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो चुकी है। हंगरी के लेखक लास्ज्लो क्रास्जनाहोरकाई इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे। स्वीडन की स्वीडिश एकेडमी ने गुरुवार (09 अक्तूबर) को इसका एलान किया है। साहित्य के नोबेल की घोषणा करते हुए स्वीडिश एकेडमी ने कहा कि उनका लेखन आतंक के बीच भी कला की ताकत दर्शाता है। साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाला यह पुरस्कार उन लेखकों को मिलता है, जिनकी शानदार लेखनी वाली किताबें या कविताएं साहित्य



में खास योगदान देती हैं। ऐसे ही हंगरी लेखक लास्ज्लो को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट से नवाजा जाएगा। उनको इस पुरस्कार से 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले लास्ज्लो को साल 2015 में मैन बुकर इंटरनेशनल प्राइज और 2019 में नेशनल बुक अवॉर्ड फॉर ट्रांसलेटेड लिटरेचर भी मिल चुका है। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति की ओर से कुल 121 विजेताओं को 117 बार साहित्य पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। पिछले साल का नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग ने अपने काम के लिए जीता था। जिसके बारे में समिति ने कहा था कि यह ऐतिहासिक आघातों का सामना करता है और मानव जीवन की नाजुकता को उजागर करता है। मालूम हो कि यह साहित्य पुरस्कार इस सप्ताह घोषित होने वाला चौथा पुरस्कार है।

### फतेहपुर में भीषण सड़क हादसा,चार की मौत, पांच घायल

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के बड़ौरी टोल प्लाजा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह के मुताबिक, प्रयागराज के खुल्दाबाद क्षेत्र के लकड़मंडी इलाके के नौ युवक कानपुर के मोतीझील में आयोजित पाल समाज के विवाह सम्मेलन में शामिल होने गए थे। देर रात कार्यक्रम खत्म होने के बाद वे कार से प्रयागराज लौट रहे थे। बुधवार सुबह करीब चार बजे, बड़ौरी टोल प्लाजा के पास उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में जा गिरी।

वकील द्वारा जूता फेंके जाने के मामले में बोले

## हमारे लिए अब यह बीता हुआ अध्याय है-सीजेआई गवई......

नई दिल्ली/ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर बीते सोमवार को 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की कोशिश करने के मामले में देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में सीजेआई गवई ने गुरुवार को इस मामले में फिर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सोमवार को जो कुछ हुआ, उससे मैं और मेरे साथी जस्टिस विनोद चंद्रन बहुत स्तब्ध रह गए। हालांकि, अब यह हमारे लिए एक बीता हुआ अध्याय है। गवई ने मामले को आगे न बढ़ाने का संकेत भी दिया। बता दें कि यह टिप्पणी उस समय आई



जब अदालत वनाशक्ति फैसले से जुड़े पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इस बेंच में जस्टिस उज्जल भुयान भी शामिल थे। उन्होंने वकील राकेश किशोर के इस हरकत पर सख्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस हरकत पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी। उन्होंने इसे सुप्रीम कोर्ट का अपमान बताया। मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस हरकत को अक्षम्य बताया और सीजेआई की गरिमा और संयम की प्रशंसा की। वहीं वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मामले को यहीं खत्म करने की बात कही। दरअसल, ये पूरा मामला तब प्रकाश में आया जब बीते सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने सीजेआई गवई की ओर जूता फेंकने की कोशिश की थी। वह मंच के पास पहुंचे और जूता निकालकर फेंकना चाहा, लेकिन कोर्ट में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया।

यमुना की सफाई पर पीएम का जोर

# शाह ने 1816 करोड़ रूपए की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

दिल्ली/ एजेंसी

दिल्ली में यमुना नदी को निर्मल बनाने के लिए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज सरकार की लगभग 1816 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस मौके पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और कैबिनेट के कई मंत्री मंच पर मौजूद रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं दिल्ली के लोगों को बताने आया हूं कि इस बार यह आपके लिए दोहरी दिवाली है। हमने जीएसटी कर की दरें कम कर दी हैं। 395 से अधिक वस्तुओं पर कर या तो शून्य कर दिया गया है या पांच प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है... 12 लाख रुपये तक आयकर समाप्त कर दिया गया था। आगे कहा कि जब मनमोहन सिंह की सरकार सत्ता में आई थी, तो दो लाख रुपये से अधिक आय वाले सभी लोगों पर कर लगाया गया था। मोदी सरकार ने 10 वर्षों में इस सीमा को दो लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया है। यह बदलाव इसलिए संभव हुआ है क्योंकि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री चुना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आपदा सरकार ने कहा था कि अगर वे दूसरी बार वोट मांगने आएंगे तो यमुना में डुबकी लगाएंगे। उन्होंने ऐसा नहीं किया। प्रवेश वर्मा ने अपना कटआउट डुबकी लगवाई। सफ्दरजंग अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। लेकिन उन्होंने डुबकी नहीं लगाई। दिल्ली के लोगों ने उन्हें डुबो दिया। अमित शाह ने कहा, मोदी जी ने आपसो वादा किया था कि हम लोकसभा चुनाव से पहले यमुना सफाई का काम



पूरा कर देंगे। मोदी जी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। अधिकारियों ने कहा कि इसके लिए बहुत सारा पैसा चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, पैसों की चिंता मत करो। जितना भ्रष्टाचार मिटाएंगे और विज्ञापनों को कम करेंगे, यमुना उतनी ही शुद्ध होगी। आज यमुना को शुद्ध करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, स्वच्छ यमुना के सपने को साकार करने का। सात महीनों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, न केवल दिल्ली के सामने यमुना को साफकरने का, बल्कि गंगा से मिलने वाली जगह से प्रयागराज तक यमुना को साफ करने का प्लान तैयार हो गया है। और देखिए संयोग। मां यमुना की कृपा से, यमुनोत्री से प्रयागराज तक, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, इन सभी राज्यों में भाजपा सरकार बन गई है। इसका मतलब है कि मां यमुना की कृपा से यमुना को साफ करने का रास्ता साफ हो गया है। आगे कहा कि आपदा सरकार के शासनकाल में दिल्ली के कचरा पहाड़ 65 मीटर तक पहुंच गए थे। एक जनवरी 2028 को आप कचरा पहाड़ को खोजने भी नहीं पाएंगे। वहां एक बहुत ही सुंदर उद्यान बनाने का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। शाह ने कहा कि हम फिर से जनादेश मांगने आएंगे, रेखा गुप्ता फिर से चुनाव लड़ेंगी। हमारे नाम पर कोई घोटाला नहीं होगा, न कोई भ्रष्टाचार का आरोप है। केजरीवाल जी ने ग्यारह वर्षों में इतने घोटाले किए हैं।

### मोदी जी ने यमुना की सफाई का वादा किया था वादा पूरा कर रहे हैं

अमित शाह ने कहा, मोदी जी ने आपसो वादा किया था कि हम लोकसभा चुनाव से पहले यमुना सफाई का काम पूरा कर देंगे। मोदी जी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। अधिकारियों ने कहा कि इसके लिए बहुत सारा पैसा चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, पैसों की चिंता मत करो। जितना भ्रष्टाचार मिटाएंगे और विज्ञापनों को कम करेंगे, यमुना उतनी ही शुद्ध होगी। आज यमुना को शुद्ध करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, स्वच्छ यमुना के सपने को साकार करने का। सात महीनों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, न केवल दिल्ली के सामने यमुना को साफकरने का, बल्कि गंगा से मिलने वाली जगह से प्रयागराज तक यमुना को साफकरने का प्लान तैयार हो गया है। और देखिए संयोग।

C M Y K

# नवनियुक्त भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष, विभा अवस्थी का जशपुर में भव्य स्वागत, महिला सशक्तिकरण और संगठन मजबूती पर दिया बल




**जशपुरनगर।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के प्रथम जशपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, जिला कार्यालय में हुई बैठक में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी का बुधवार को जशपुर आगमन पर महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। फूलमालाओं, नारों और ढोल-नगाड़ों के बीच उनका स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं ने पूरे जिले में उत्साह का वातावरण बना दिया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता कश्यप ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी ने अपने उद्बोधन में कहा भाजपा महिला मोर्चा आज देशभर में महिलाओं की आवाज़ बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में हमें यह सुनिश्चित करना है कि हर महिला राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बने। जशपुर की महिलाएं हमेशा संगठन की रीढ़ रही हैं, और अब हमारा लक्ष्य है कि बूथ स्तर तक महिला कार्यकर्ता सक्रिय हों। हमें समाज के हर वर्ग तक पहुँचकर भाजपा की नीतियों और योजनाओं को बताना है। महिला मोर्चा केवल संगठन नहीं, बल्कि सेवा और संकल्प की भावना का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी चुनावों में महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका निर्णायक होगी और हर जिले में प्रशिक्षण शिविरों तथा जनसंपर्क अभियानों को गति दी जाएगी। पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा महिलाएं अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता बन चुकी हैं। भाजपा ने हमेशा महिला शक्ति को सम्मान दिया है। हमें अपने बूथों को सशक्त करना है और हर घर तक सरकार की योजनाएं पहुँचानी हैं। प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी जी के नेतृत्व में महिला मोर्चा नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करें। जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा हमारे जिले की महिलाएं मेहनती, समर्पित और सजग हैं। भाजपा संगठन ने हमेशा हमारे प्रयासों को सराहा है। अब समय है कि हम इस विश्वास को और मजबूत करें। महिला मोर्चा की हर कार्यकर्ता समाज में परिवर्तन की वाहक बने। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति की एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता कश्यप ने कहा ÷हमारे लिए गर्व का विषय है कि प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी जी का प्रथम जशपुर आगमन हुआ है। यह हम सबके लिए प्रेरणादायी क्षण है। महिला मोर्चा जशपुर पूरी निष्ठा और एकजुटता के साथ संगठन को और सशक्त बनाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, सेवा कार्यों और जनसंपर्क में सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में सेवा ही संगठन के संकल्प को दोहराया और महिला मोर्चा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रण लिया। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, गणेश जैन, अनिता सिंह, शारदा प्रधान, उमा देवी, कमला निराला, रीना बरला, कंचन बैरागी, प्रभा शर्मा, प्रियंका गिरी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रोग नियंत्रण हेतु सघन टीकाकरण अभियान में पशुपालक हों शामिल: डॉ.एस.एस.सेंगर





**रामानुजगंज।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन के बाद पशुधन विकास विभाग के द्वारा जिले के गोवंशीय एवं भैंस वंशीय पशुओं में केन्द्र शासन की योजना पशुधन स्वास्थ्य व रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओं में खुरपका/ मुंहपका (एफएमडी) रोग नियंत्रण हेतु सघन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रामचंद्रपुर विकासखंड में सभी मवेशियों में शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। अतिरिक्त उपसंचालक डॉ.एस. एस.सेंगर ने बताया कि एफएमडी रोग दो खुर वाले पशुओं में अत्यंत संक्रामक एवं घातक विषाणु जनित रोग है। यह रोग बहुत ही तेजी से पशुओं में फैलता है। इस रोग के होने पर पशुओं को तेज बुखार हो जाता है। बीमार पशु के मुंह, मसूड़े, जीभ के ऊपर नीचे, होंठ के अंदर भाग, खुरों की बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने उभर आते हैं, जो कि आपस में मिलकर छालों का रूप ले लेते हैं।

मुंह में छाले होनें से पशु के मुंह से लगातार लार गिरती रहती है एवं खुर में छालों के कारण पशु लंगड़ाकर चलता है। पशु खाना-पीना छोड़ देता है और सुस्त पड़ जाता है। दुधारू पशुओं में दुध उत्पादन कम हो जाता है तथा बैलों की कार्यक्षमता भी कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि यह एक विषाणु जनित रोग है एवं रोग का रोकथाम ही नियंत्रण का कारगर उपाय है। इसलिये उक्त पशु रोग के नियंत्रण हेतु गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शासन द्वारा सघन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान जिले के समस्त 06 विकासखण्डों संचालित हो रहा है। वही उपसंचालक श्रीकांत पांडे जी के द्वारा पशुपालकों से अपील करते हुए कहा गया है कि अपने पशुओं में अनिवार्य रूप से इस रोग के रोकथाम एवं बचाव के लिए आवश्यक रूप से टीकाकरण कराएं,जिससे इस बीमारी के संक्रमण का खतरा न हो और पशु स्वस्थ रहें।

# जेसीआई कोरबा सेंट्रल की 2026 की कार्यकारिणी हेतु चुनाव तिथि घोषित




**कोरबा।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल की प्री-इलेक्शन जनरल बॉडी मीटिंग आज कावेरी रेस्टोरेंट में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस बैठक में आगामी वर्ष 2026 के लिए संस्था की नई कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई एवं नामांकन फॉर्म का विमोचन किया गया। संस्था के सचिव सी.ए. अंकित अग्रवाल ने बताया कि परंपरानुसार संस्था के आई.पी.पी. जेसी उत्कर्ष अग्रवाल को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया और सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में जेसी सन्नी मित्तल, अंकित टमकोरिया व आनंद अग्रवाल नियुक्त हुए। चुनाव तिथि 11 नवम्बर निर्धारित की गई है। अध्यक्ष पद हेतु नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर व उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, निदेशक सहित अन्य पदों हेतु नामांकन की अंतिम तिथि 7 नवम्बर तय की गई। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष जेसी ई राज अग्रवाल जी ने कहा कि जेसी आई कोरबा सेंट्रल सदैव अपने मूल्यों के साथ युवाओं को नेतृत्व का मंच प्रदान करते आई है तथा नेतृत्व में बढ़-चढ़ के आगे आने हेतु सभी को प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष आनंद रायकवार, सजन अग्रवाल, आशीष टमकोरिया, अध्यक्ष सीए अभिषेक अग्रवाल, लीजेंड अध्यक्ष शिवशंकर अग्रवाल, जेसीरेट अध्यक्षा सीए आयुषी अग्रवाल सहित अन्य जेसी सदस्य उपस्थित रहे।

# जशपुर पुलिस की चौथी बड़ी कार्रवाई 22 लाख की अवैध शराब जब्त, पंजाब से बिहार ट्रांसपोर्ट

## फिर पकड़ा अवैध अंग्रेजी शराब का बड़ा जखीरा





**जशपुरनगर।** उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशिमोहन सिंह के दिशा निर्देश पर ऑपरेशन आघात के तहत् जशपुर पुलिस के द्वारा लगातार नशे के सौदागरों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में जशपुर पुलिस ने 7 अक्तूबर को सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम आगडीह के पास नेशनल हाइवे 43 में अवैध शराब की तस्करी करते एक ट्रक को मेपकड़ा है, जिसमें की अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब तस्करी का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस ने मामले में आरोपी ट्रक चालक सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 7 अक्तूबर को सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस को मुखबीर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक संदेही ट्रक क्रमांक ऋछ -09-त्नश्न-0124 में भारी मात्रा में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब लोड है, जिसे कि पंजाब, हरियाणा से जशपुर होते हुए रांची झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है, जिस पर पुलिस के द्वारा सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर उक्त संदेही ट्रक को ट्रेस करते हुए, सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम आगडीह के पास नेशनल हाइवे 43 पर नाका बंदी की गई थी, व संदेही वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान उक्त संदेही ट्रक क्रमांक ऋछ -09-त्नश्न-0124 आता दिखाई देने पर, पुलिस के द्वारा उक्त संदेही ट्रक क्रमांक ऋछ -09-त्नश्न-0124 को घेरा बंदी कर रोका गया, पुलिस के द्वारा जब संदेही ट्रक की तलाशी ली गई तब , उसके ट्रॉली में भूसी की बोरियो से छुपाकर रखा गया 426 कार्टून में अंग्रेजी शराब मिला, जिसे पुलिस के द्वारा ट्रक सहित जप्त करते हुए, ट्रक में बैठे चालक सहित दो व्यक्तियों क्रमशः रणवीर सिंह उम्र 42 वर्ष व जगदीप सिंह, उम्र 30 वर्ष को हिरासत में लिया गया। पुलिस की पूछताछ पर आरोपी रणवीर सिंह व जगदीप सिंह ने बताया कि वह उक्त ट्रक को वह रोहतक हरियाणा ,से लेकर रांची तक आ रहा था, एक दूसरे व्यक्ति के द्वारा उसे ट्रक दिया गया था, उसे नहीं पता था कि ट्रक में क्या है, उसे ट्रक को रांची तक ले जाना था, जहां से कोई अन्य व्यक्ति ट्रक को लेकर बिहार जाता। आरोपी ट्रक चालक ने बताया कि उसे, इसके लिए 50,000रु दिया गया था।

बड़ा सिंडीकेट है शामिल -पुलिस को संदेह है इस प्रकार की शराब की तस्करी में किसी बड़े सेंडिकेट की शामिल होने की संभावना है, जो कि अत्यंत ही शातिर तरीके से अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहे हैं। तस्करी में संलिप्त सिंडिकेट की पता साजी हेतु पुलिस की जांच जारी है । गौरतलब है कि जशपुर पुलिस को इस वर्ष, वर्तमान प्रकरण को मिलाकर, अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के कुल चार ट्रकों को पकड़ने में सफलता मिली है, जिनमें से सभी प्रकरणों को मिलाकर दो करोड़ रु से अधिक कीमत का 2734 कार्टून में कुल 24 हजार,440 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब को बरामद कर जप्त किया गया है। ऐसे होती है तस्करी - पुलिस की जांच में मालूम चला है, कि उक्त सभी मामलों में तस्करों के द्वारा एक पैटर्न में ड्राइवरों को अच्छी रकम का लालच देकर एक निश्चित स्थान से ट्रक को निर्धारित स्थान तक ले जाने हेतु दिया जाता था, जहां सिंडिकेट के सदस्यों के द्वारा ट्रक को ले लिया जाता था, व ड्राइवर को पैसे देकर वापस लौटा दिया जाता था, वहां से कोई और व्यक्ति ट्रक को लेकर, अन्य निर्धारित स्थान पर ले जाता था, जिससे कि ड्राइवरों को पता न चल सके कि माल कहां से लोड हुआ है, और कहां ले जाया जा रहा है। तस्करों के द्वारा उन्हीं रास्तों का उपयोग किया जाता है जहां, टोल नाका, व पुलिस नाका कम होते हैं।इन रास्तों से आई शराब- वर्तमान प्रकरण में भी अवैध शराब से भरी ट्रक को रोहतक हरियाणा, ग्वालियर मध्यप्रदेश, अंबिकापुर, जशपुर, होते हुए, रांची झारखंड तक के जाया जा रहा था, जहां से कोई अन्य व्यक्ति ट्रक को लेकर बिहार जाता।

# श्री सप्तदेव मंदिर में गुरू गोविंद सिंह जी की 350 वी शहीदी शताब्दी दिवस की रैली का भव्य स्वागत




**कोरबा।** गुरू गोविंद सिंह जी की 350 वी शहीदी शताब्दी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के द्वारा संपूर्ण छत्तीसगढ़ में एक कीर्तन एवं शहीदी यात्रा निकाली गई जो कोरबा में दिनॉक 6 अक्टूबा को दोपहर 3.00 बजे श्री सप्तदेव मंदिर पहुॅंची जहॉं पर कोरबा के प्रसिद्व व्यवसायी, धार्मिक, सामाजिक, रातनैतिक एवं श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने इस कीर्तन एवं शहीदी यात्रा का झमाझम गिरते बरसात में भी भीगते हुए भव्य स्वागत किया एवं पूजा अर्चना की। श्री मोदी ने बताया कि गुरू गोविंद सिंह जी ने इस देश के लिये अपने पूरे परिवार का बलिदान दिया उनके इस बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता एवं उनका बलिदान आज भी हम सब के लिये प्रेरणादायी है एवं हम सब के लिये यह क्षण गौरान्वित करने वाला है जब उनकी संकीर्तन एवं शहीदी यात्रा कोरबा पहॅुंची ओर नगर वासियो ने उनके दर्शन एवं अर्चना की। ऐसे महान युगपुरूष की 350 वीं जयंती के अवसर पर निकाली गई इस यात्रा का कोरबा में जिस प्रकार स्वागत किया गया निश्चित ही प्रशंसनीय है। इस अवसर पर अशोक मोदी जी के साथ शीतल कौर, ज्योति यादव, अन्नू सोनवानी, हरीश राजवाडे, आशीष सिंह की गरिमामय उपस्थिति थी।

# दूसरों के साथ साथ अपनी और अपनो की सुरछा सर्वोपरी इसलिए अनुशासन से करें नियमों का पालनः तेज सिंह यादव

- लायंस स्कूल टीपी नगर में यातायात पुलिस में ढाई सौ से अधिक विद्यार्थियों सहित शिक्षकों और स्टाफको किया जागरूक





**कोरबा।** कोरबा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम जनों को व्यवस्थित वास सुलभ यातायात उपलब्ध कराने सहित साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने साइबर पुलिस के साथ-साथ यातायात पुलिस को भी निर्देश जारी किया है इस निर्देश के बाद से ही यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा पिछले कई महीनो से अलग-अलग क्षेत्र में पहुंचकर बिना केवल लोगों को यातायात नियमों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है बल्कि नियमों के साथ सड़क पर आवा गमन करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है इसी कड़ी में यातायात पुलिस की पाठशाला टीपी नगर स्थित रिलायंस पब्लिक स्कूल में लगाई गई और यहां 250 से अधिक विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों और स्टाफको जागरूक किया गया इस दौरान यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा बताया गया कि किस तरह से सुरक्षित वहां का चालान किया जाए जिससे कि न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए बल्कि दूसरों को भी सुरक्षित आवा गमन करने में सुविधा प्रदान हो यातायात पुलिस कोरबा के थाना प्रभारी तेज सिंह यादव ने कहा कि वाहन चलाते समय दूसरों के साथ-साथ अपनी और अपनों की सुरक्षा भी सर्वोपरि है इसलिए पूरे अनुशासन के साथ शासन प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने विद्यार्थियों और उपस्थित सभी को विस्तार से यातायात नियमों की जानकारी उपलब्ध कराई और सड़क पर वाहन चलाने के दौरान किन चीजों का विशेष ध्यान रखा जाए इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान रखने के लिए आग्रह किया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह लायंस पब्लिक स्कूल कोरबा के प्रबंधन समिति से राजकुमार अग्रवाल अध्यक्ष रोहित राजवाड़े मधु पांडे एवं राज सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# जबरन खदान विस्तार के खिलाफ एवं पुनर्वास और रोजगार की मांग को लेकर किसान सभा ने गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का किया घेराव

- 6 घंटे घेराव के बाद खदान विस्तार पर रोक लगाने की मांग को लेकर एसईसीएल को सौंपा ज्ञापन, प्रत्येक छोटे खातेदार को रोजगार देना होगा : प्रशांत



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में गेवरा क्षेत्र से प्रभावित गांवों के भूविस्थापितों ने रोजगार, बसावट, मुआवजा की मांगों के सकारात्मक समाधान के लिए एसईसीएल के गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय के दोनो मेन गेट को 6 घंटो तक बंद कर घेराव कर दिया जिससे एसईसीएल का काम पूरी तरह प्रभावित हुआ घेराव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और सीआईएसएफ बल उपस्थित था प्रदर्शनकारियों को रोकने पर सीआईएसएफ जवानों से काफी नोंक झोंक हुई जिससे माहौल तानवपूर्ण हो गया था। किसान सभा के नेताओ ने अधिकारियों से साफ कहा कि भू विस्थापितों की समस्याओं का निराकरण किए बगैर खदान विस्तार का कार्य नही होने देंगे अगर प्रबंधन ने जबरन कोशिश की तो आगे खदान बंद कर उग्र प्रदर्शन करेंगे। किसान सभा ने गेवरा क्षेत्र से प्रभावित भू विस्थापितों को नियमित रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा के साथ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की ओर समस्याओं का समाधान नहीं होने तक खदान विस्तार को रोकने की चेतावनी भी दी। छग किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल द्वारा विस्थापित होने वाले प्रत्येक छोटे विस्थापित परिवार को भी नियमित रोजगार देने के साथ विस्थापितों को पुनर्वास की सुविधा और नए पुराने के नाम पर मुआवजा में कटौती करना बंद करना होगा। किसान सभा के नेता ने आरोप लगाया की पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों के रोजगार,मुआवजा,बसावट के मामले लंबित है और नए विस्तार तेजी से प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है जिसका किसान सभा विरोध करती है कुछ दिन पूर्व कटघोरा एसडीएम और गेवरा जीएम द्वारा बल प्रयोग कर जबरन खदान विस्तार का प्रयास किया जा रहा था जिसका भारी विरोध हुआ जिसके बाद एसईसीएल को काम बंद कर लौटना पड़ा था।

एसईसीएल से प्रभावित सभी छोटे खातेदारों को एकजुट कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## 'नेस्टफेस्ट' 'माई होम इंडिया' कार्यक्रम के दौरान मिला सम्मान

# दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मिजोरम के राज्यपाल जनरल विके सिंह ने प्रबल प्रताप को किया सम्मानित



**जशपुरनगर।** दिल्ली, तालकटोरा स्टेडियम मे My Home India द्वारा तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित **8th North East Students Festival (NES.t Fest 2025)** एक भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन के रूप में सम्पन्न हुआ। नेटफेस्ट (NEST Fest) माई होम इंडिया द्वारा आयोजित एक त्योहार है, जो भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र की संस्कृति, संगीत और परंपराओं का जश्न मनाता है। इसका उद्देश्य पूरे भारत के छात्रों, युवाओं, उद्यमियों और नीति-निर्माताओं को एक साथ लाकर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। इस साल, 8वें उत्तर-पूर्व छात्र महोत्सव के तहत, नेटफेस्ट 2025 का आयोजन 3 और 4 अक्टूबर 2025 को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में संस्कृति से जलवायु तकः युवा जनादेश थीम के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को घर वापसी अभियान जैसे कार्यों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु विशेष सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में मिज़ोरम के राज्यपाल एवं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी. के. सिंह जी, मा0 मुख्यमंत्री दिल्ली रेखा गुप्ता के करकमलों द्वारा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील देवधर आदि देश के विभिन्न प्रदेशों के गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रबल प्रताप सिंह जुदेव को सम्मानित किया गया। इस भव्य ऐतिहासिक कार्यस्त्र5म मे विभिन्न क्षेत्रों से राजनीतिज्ञ, केंद्रीय मंत्रीगण, समाज सेवी, व्यवसाई, शिक्षाविद, मीडिया के जाने माने लोग एवं कई अन्य महानुभावों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

सम्मान प्राप्त करने के उपरांत मीडिया से बात करते हुए प्रबल प्रताप सिंह जूदेव जी ने कहा-यह सम्मान केवल मेरा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकर्ताओं, समाजबंधुओं और जनजातीय भाइयों-बहनों का है जो घर वापसी के इस पावन अभियान में मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं। यह सम्मान वास्तव में जनजातीय समाज की अपनी जड़ों की ओर लौटने की आस्था और घर वापसी आंदोलन के प्रति विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर-पूर्व आज नई ऊर्जा, विश्वास और विकास का प्रतीक बन चुका है। यह सम्मान मुझे और अधिक जिम्मेदारी का अहसास कराता है कि मैं अपनी शक्ति और जीवन को राष्ट्र, धर्म और समाज की सेवा में और भी दृढ़ संकल्प के साथ समर्पित करूँ।

**प्रधानमंत्री ने नार्थ ईस्ट के 8 राज्यों को अष्ट लक्ष्मी कहा हैं** -अष्ट लक्ष्मी उत्तर पूर्व वाक्यांश पूर्वोत्तर भारत के उन आठ राज्यों को संदर्भित करता है जिन्हें अष्ट लक्ष्मी या आठ समृद्धि के रूप कहा जाता है, जो हैं: असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम. यह शब्द देवी लक्ष्मी के आठ रूपों के बजाय, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के इन आठ राज्यों की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विविधता का प्रतीक है. इन राज्यों को विभिन्न सांस्कृतिक और पारंपरिक प्रथाओं के उत्सव और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने वाले एक मंच के रूप में भी पहचाना जाता है, जिसे अष्टलक्ष्मी महोत्सव के रूप में मनाया जाता है. माय होम इंडिया का यह 8वा सम्मलेन था. इस संस्था ने नार्थ ईस्ट के युवाओं के सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस भव्य समारोह में देशभर से आए उत्तर-पूर्व के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारत की एकता, विविधता और अखंडता की जीवंत झलक प्रस्तुत की।

# शिवरीनारायण में उप मुख्यमंत्री अरूण साव का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**शिवरीनारायण ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव का 8अक्टूबर को शिवरीनारायण प्रवास के दौरान भाजपा कार्यकत्ताओं ने भाजपा के युवा नेता गौरव केशरवानी के नेतृत्व में थाने मोड़ के पास बाजे-गाजे , आतिशबाजी व फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया इस अवसर पर गौरव केशरवानी कआग्रह पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव उनके निवास भी पहुचें जहां पर उनके परिवार वालों व उनकी मम्मी पार्षद सरला केशरवानी ने मंत्री जी का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हे तिलक लगा कर गुलदस्ता व बुकें भेट की इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चन्द्रकांत तिवारी सविता तिवारी, महेश केशरवानी, सुभाष केशरवानी, ओंकार सोनी, अश्वनी केशरवानी, आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी करने घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर की पिटाई, दो नाबालिग साथी भी गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के नर्राटोला गांव में बीती रात चोरी की नीयत से घर में घुसे एक युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। लोगों ने उसे रस्सी से बांधकर जमकर पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि उसके साथ चोरी में दो नाबालिग भी शामिल थे। तीनों ने पहले चिखली गांव में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के अनुसार, नर्राटोला गांव में तीन चोर एक घर में घुसे थे और अलमारी की पेटी तोड़कर 6 हजार रुपये नकद चुरा लिए। इसी दौरान आवाज सुनकर ग्रामीण जाग गए। दो नाबालिग आरोपी तो बाइक से मौके से भागने में सफल हो गए, लेकिन तीसरा आरोपी पकड़ा गया। ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध दिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की पहचान दल्लीराजहरा निवासी इरफान हुसैन के रूप में की। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसके साथ दो नाबालिग लड़के भी चोरी में शामिल थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इनके पास से करीब 5 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस की आगे की पूछताछ में यह भी सामने आया कि तीनों ने कुछ दिन पहले चिखली गांव में भी चोरी की थी। उन्होंने चोरी का माल 20 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर दल्लीराजहरा और चिखली के बीच जंगल में गड्ढा खोदकर छिपा दिया था। हालांकि आरोपियों ने कुछ नकदी पहले ही खर्च कर दी थी। पुलिस ने बची हुई रकम और कीमती जेवर बरामद कर लिए हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही नाबालिगों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

### एक की मौत, चार घायल, लापरवाह प्रशासन पर फूटा लोगों का गुस्सा

**रायपुर।** क्षेत्र में एक सांड के आतंक ने स्थानीय लोगों की नींद उड़ा दी है। बीते दिन इस बेकाबू सांड ने राह चलते पांच लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सांड की बढ़ती आक्रामकता को लेकर कई बार प्रशासन और नगर निगम को शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने आरोप लगाया है कि जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से अब आम लोगों की जान खतरे में पड़ गई है। क्षेत्रवासी मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द सांड को पकड़कर इलाके को सुरक्षित किया जाए, वरना किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे उग्र प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार छात्र को कुचला,मौके पर हुई मौत

**रायपुर।** बिलासपुर के सीपत थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक 19 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। हादसा सोमवार 6 अक्टूबर को नवाडीह चौक के पास तब हुआ, जब तेज रफ्तार कोयला लोड ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान खिलेश चंद्राकर के रूप में हुई है, जो अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए 12वीं कक्षा में था। जानकारी के अनुसार, खिलेश अपने रिश्तेदार के यहां दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने अकलतरा गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में मोबाइल पर मैप देखकर वह गलत रास्ते पर चल पड़ा और सीपत के बजाय नवाडीह चौक पहुंच गया। इसी दौरान बलौदा की ओर से आ रहे ट्रेलर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। हादसे के बाद युवक ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और उसकी लाश गंभीर रूप से क्षत-विक्षत हो गई। खिलेश अपने घर का इकलौता पुत्र था। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मृतक के शव को सड़क से हटाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया। मामले की जांच सीपत थाना पुलिस कर रही है।

### बच्चों के जानलेवा सिरप पर छत्तीसगढ़ शासन ने लगाया प्रतिबंध

**रायपुर।** केंद्र शासन के निर्देश पर छग राज्य के सभी प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जिला अस्पताल में छोटे बच्चों को सिरप पिलाने पर प्रतिबंध कर दिया गया है। छग राज्य में गत दिनों दूसरे प्रदेशों में खतरनाक सिरप से बच्चों की जान जाने के बाद यह कदम छग राज्य के ड्रग प्रशासन द्वारा उठाया गया है। रायपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मप्र, राजस्थान सहित अनेक राज्यों में मेट्रो फ्लोरिडिया नामक सिरप से कई बच्चों की जान चली गई है। छग शासन द्वारा इस पर पूर्णत रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

---

मुख्यमंत्री जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यशाला में हुए शामिल

# जनजातीय नायकों की विरासत को सहेजना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गत वर्ष भी इसी सभागार में जनजातीय गौरव दिवस की कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित हुई थी, जिसे पूरे प्रदेश में उत्साहपूर्वक मनाया गया। जशपुर में आयोजित 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया शामिल हुए थे, जिसमें जनजातीय समाज की पारंपरिक वेशभूषा, व्यंजन, आभूषण और संस्कृति का आकर्षक प्रदर्शन किया गया था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा था कि ऐसे आयोजन देशभर में प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लेकर जनजातीय नायकों की गौरवशाली विरासत को सम्मानित किया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पहली बार



आदिवासी कल्याण मंत्रालय का गठन कर जनजातीय समाज के सम्मान और उत्थान की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पीएम जनमन योजना और प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। जनमन योजना के अंतर्गत प्रदेश में 2,500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण और 32,000 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ के 14 जनजातीय विद्रोहों और अमर शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन पर आधारित ट्राइबल म्यूजियम का निर्माण किया गया है, जो आदिवासी इतिहास और गौरव की धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में हमारी सरकार की एक बड़ी पहल है। मुख्यमंत्री ने शिक्षाविदों और प्रबुद्धजनों से आग्रह किया कि जनजातीय गौरव और इतिहास को शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए, ताकि नई पीढ़ी अपने पूर्वजों की समृद्ध विरासत से प्रेरणा ले सके। उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि यह कार्यशाला हमारे जनजातीय समाज की समृद्ध परंपराओं और इतिहास को रेखांकित करने के साथ-साथ आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसका उद्देश्य जनजातीय समाज के उत्थान के लिए ठोस रणनीति बनाना तथा उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और रोजगार से जोड़ना है। आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कहा कि इस कार्यशाला की रूपरेखा आप सभी प्रबुद्धजनों द्वारा तैयार की जाएगी और राज्य सरकार उसी दिशा में ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि गत वर्ष प्रदेश के लगभग सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस का सफल आयोजन हुआ था, इस वर्ष इसे और अधिक प्रभावी और भव्य रूप से मनाने का प्रयास किया जाएगा। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि पिछले वर्ष आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में 70,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया था।

---

## बंजारी वाले बाबा का 44वां उर्स पाक 15 अक्टूबर से तैयारियां जोरों पर

रायपुर/ संवाददाता

सरकारे छत्तीसगढ़ हज़रत सैय्यद शेर अली आगा र.अ. (बंजारी वाले बाबा) का 44वां सालाना उर्स 15 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। सज्जादा नशीन मो. ईशराक रिज़्वी अशरफी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी हज़रत बाबा सैय्यद शेर अली आगा का 7 दिवसीय 44वां सालाना उर्स पाक आगामी 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2025 तक बड़े ही अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ मनाया जाएगा। ट्रस्ट से जुड़े सभी मेंबर तमाम उर्स की तैयारियां तेजी से कर रहे हैं। मो. ईशराक रिज़्वी अशरफी ने जानकारी दी कि सालाना उर्स का आगाज़ 15 अक्टूबर को नमाज-ए-असर के बाद होगा। शाही संदल और चादर शरीफ का जुलूस सज्जादा नशीन हज़रत मो. नईम रिज़्वी अशरफी बांसटाल रायपुर से निकालेंगे, जो आस्ताने आलिया पहुंचेगा, जहां परचमकुशाई व चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी और महफिल-ए-सीमा आली जनाब इंटरनेशनल कव्वाल सदाक़त शबरी राजस्थान रोड शो में अपना कलाम पेश करेंगे। 16 अक्टूबर : ऑल इंडिया नातिया मुशायरा रात 9 बजे। 17 अक्टूबर : रात 9 बजे से तकरीर ख़तीब-ए-ख़ुसूसी हजरत अल्लामा मौलाना मो. सैय्यद अमीनुल कादरी साहब किब्ला, अमीर सुन्नी दावत-ए-इस्लामी मुंबई महाराष्ट्र व हजरत मौलाना मो. इसरार अशरफी रिज़्वी जामई साहब किब्ला रायपुर। 18 अक्टूबर : रात 9 बजे शहंशाह-ए-खिताबत हजरत सैय्यद मो. महमूद अशरफ साहब किब्ला अशरफी उल जिलानी सज्जादा नशीन किछौछा शरीफ (यूपी), हज़रत सैय्यद आलमगीर मियां साहब किछौछा शरीफ (यूपी) ख़िताब करेंगे। 19 अक्टूबर : छब्बीसवीं शरीफ बड़ा कुल शरीफ सुबह 7 बजकर 35 मिनट में फातिहा कुल शरीफ अदा की जाएगी, बाद में तक़सीम-ए-तबर्रुक किया जाएगा। 19 अक्टूबर : बाद नमाज-ए-मगरिब हज़रत सैय्यद शेर अली आगा र.अ. के तबर्रुकात की ज़ियारत कराई जाएगी। 20 अक्टूबर : रात 9 बजे संजरी नातिया ग्रुप रायपुर अपना कलाम पेश करेगा।

---

## रजत जयंती महोत्सव लगेंगे विभिन्न विभागों के आकर्षक प्रदर्शनी........

- नारडा जनसंपर्क, गृह विभाग ने इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के लिए निकाला टैंडर
- प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को भी दिया गया न्योता

रायपुर। संवाददाता

छग राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर अटल नगर नया रायपुर में छग के विभिन्न विभागों के द्वारा किये गये विकास कार्यों तथा भविष्य में किये जाने वाले योजनाओं एवं नीतियों को प्रदर्शित करने के लिए सभी विभागों द्वारा एक आकर्षक स्टॉल लगाया जाएगा। इसके लिए अलग अलग विभागों द्वारा इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चयन के लिए टैंडर जारी हो रहे हैं। नया रायपुर तूता के पास एक नवंबर से शुरू होने वाले राज्योत्सव के दौरान सभी विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें विभागों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं साय सरकार द्वारा ग्रामोद्योग डिजिटिलाइजेशन ग्रामीण उद्योग धान एवं कुकरी पालन एवं महिला बाल विकास द्वारा बाल विवाह रोकने स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न संक्रामक रोगों को रोकने लिए किये गये उपायों की जानकारी दी जाएगी। नया विकास प्राधिकरण के द्वारा नई राजधानी के विकास एवं निर्माण के लिए अनेक कार्य किये गये है। इसके लिए 24 गावों का चयन दो लेयर में किये गये हैं। नई योजना के तहत यहां पर फार्मा कंपनी उद्योग तथा फाइव स्टार होटल खोलने के लिए जमीन दी जा रही है। चेरिया पौता गूमा में आकर्षक नये प्रोजेक्ट लाए गए है। नारडा के मुख्य अभियंता इसके तहत यहां का विकास किया जाएगा। नारडा की झांकी में इन्हें आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया जाएगाा।

---

अयोध्या धाम के लिए 850 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना राज्य में 33 हजार से अधिक श्रद्धालु कर चुके है रामलला के दर्शन




---

भाजपा प्रदेश महामंत्री मार्कण्डेय ने किया प्रेस को संबोधित

## कांग्रेस का हाथ उनके पार्टी के भीतर के अपराधियों के साथ-नवीन मार्कण्डेय.....

रायपुर/ संवाददाता

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने जांजगीर के श्याम सुपर मार्केट में डकैती की साजिश को अंजाम देते नकाबपोश अपराधियों की गिरफ्तारी और इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों में एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष जितेंद्र दिनकर के भी शामिल होने पर प्रदेश में अपराधों को लेकर स्यापा मचा रही कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा कि प्रदेश में घट रहे अधिकांश अपराधों में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नेताओं की संलिप्तता सामने आने के बाद अब कांग्रेस को पहले अपने गिरेबाँ में



झाँकना चाहिए कि वह जनता के साथ है या फिर लूटमार करने वाले अपराधियों के साथ खड़ी है? भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. मार्कण्डेय ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का हाथ उनके पार्टी के भीतर के अपराधियों के साथ है कांग्रेस और अपराधियों का एक संगठित गिरोह बनता जा रहा है इसका डकैती प्रकरण ताजा मामले हैं जो हथियार बरामद हुए हैं, वह क्षेत्रीय विधायक के घर से मिले हैं। इससे यह साफ है कि कांग्रेस जनता की सेवा और सुरक्षा के रास्ते से भटक चुकी है। कांग्रेस अपराधियों को इस तरह संरक्षण देकर अपराधियों का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण कर रही है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा कि बलौदाबाजार हिंसा से लेकर डकैती के इस ताजा खुलासे तक कांग्रेस का यही राजनीतिक चरित्र सामने आ रहा है। कांग्रेस के विधायक के घर से हथियार मिल रहे हैं।

---

### एनएसयूआई का जंगी प्रदर्शन सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए

**रायपुर।** राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा आज राजधानी में गृहमंत्री विजय शर्मा के घर का घेराव करने की चेतावनी के पश्चात राजधानी के विभिन्न मार्गों पर बेरीकेट्स लगा दिए गए हैं। गृहमंत्री के घर की ओर जाने वाले मार्ग में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नीरज पाण्डेय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में एनएसयूआई, कांग्रेस तथा युवा कार्यकर्ताओं पर फर्जी एफआईआर दर्ज किया जा रहा है। जिसमें कार्यकर्ताओं पर रोष है। उन्होने आगे कहा कि युवाओं में नशे का व्यापार बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा छात्र संघ चुनाव भी नहीं कराया जा रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर एनएसयूआई द्वारा गृहमंत्री के घर का घेराव किया जा रहा है। यह घेराव राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी के नेतृत्व में किया जाएगा जोकि आज राजधानी पहुंच गए हैं। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गृहमंत्री सिविल लाईन में रहते हैं इसलिए ओसीएम चौक, महिला थाना चौक, आकाशवाणी चौक तथा सिविल लाईन चौक के आसपास भारी जुलूस को आना प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहां पर बड़ी संख्या में बेरीकेट्स लगा दिए गए हैं। जिलाध्यक्ष नीरज पाण्डेय के अनुसार पुराना कांग्रेस भवन से यह रैली निकाली जाएगी।

---

## डबरी ने खोले समृद्धि के द्वार दुलार का सपना हुआ साकार

रायपुर। संवाददाता

जांजगीर-चांपा जिले की ग्राम पंचायत जाटा के बहेराडीह के दुलार सिंह खेत में एक डबरी बनाने से ही खेती और पशुपालन में होने वाली बढ़ौत्तरी का सजीव उदाहरण बन गए हैं। दुलार सिंह ने यह डबरी भी मनरेगा योजना के माध्यम से बनवाई है। ग्रामीण जीवन का आधार सदैव कृषि और पशुपालन रहा है, परंतु इन दोनों ही कार्यों की आत्मा जल है । यदि जल की व्यवस्था सुदृढ़ हो जाए तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था स्वयं सशक्त हो जाती है। इसी सोच को श्री दुलार सिंह ने साकार रूप दिया है।डबरी निर्माण होने से पूर्व श्री दुलार सिंह को अपने खेतों की सिंचाई हेतु जल की कमी रहती थी, जिससे सीमित फसल ही ले पाते थे। इसके अलावा बतख पालन, मछली पालन एवं धान की खेती की सिंचाई करने के लिए हमेशा पानी की कमी को महसूस करते आ रहे थे, ऐसे में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से ग्राम पंचायत जाटा में श्री दुलार सिंह के खेत पर डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम जाटा के किसान श्री दुलार सिंह द्वारा अपनी निजी भूमि पर डबरी निर्माण कार्य कराया गया। इस कार्य के लिए 2.14 लाख की प्रशासकीय राशि स्वीकृत की गई इसका कार्य प्रारंभ हुआ और जून 2024 को पूर्ण हुआ। इसमें कुल 380 मानव दिवसों के सृजन से 37 श्रमिक परिवारों को 92,577 की मजदूरी प्राप्त हुई। इससे न केवल रोजगार सृजन हुआ बल्कि जल संरक्षण और कृषि उत्पादन में भी वृद्धि हुई।

---

उप मुख्यमंत्री ने 48 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

# जल्दी ही वृहद स्तर पर शुरू होगा सड़कों के पुनर्निर्माण का काम

- अटल परिसर का किया लोकार्पण, नालंदा परिसर का भूमिपूजन भी किया

रायपुर/ संवाददाता

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज अपने सक्ती प्रवास के दौरान अटल परिसर के लोकार्पण के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने आज सक्ती जिले के लिए कुल 48 करोड़ 73 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इनमें सक्ती नगर पालिका में 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर और तीन करोड़ नौ लाख रुपए की लागत से सोसायटी चौक से बुधवारी बाजार होते हुए गुरुनानक कॉम्प्लेक्स तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य, चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण शामिल हैं। श्री साव ने चार करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन भी किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सक्ती में पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए 40 लाख रुपए तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने सक्ती नगर पालिका के अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर अग्रवाल को शहर के विकास के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए के कार्यों का प्रस्ताव भेजने को कहा। उन्होंने नगर पालिका के प्रस्ताव को तत्काल मंजूरी देने की बात कही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके नए आवासों की चाबी सौंपने के साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि




योजना के हितग्राहियों को चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शहर की स्वच्छता दीदियों एवं स्वच्छता मित्रों को सम्मानित भी किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि सक्ती जिले के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आज यहां युवाओं के लिए नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया गया है जो क्षेत्र के युवाओं और प्रतिभागियों के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। नालंदा परिसर के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को पढ़ाई-लिखाई के लिए बहुत ही अच्छा वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पुराने सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण किए जा रहे हैं। सड़कों के पुनर्निर्माण का काम पूरे प्रदेश में जल्द ही वृहद स्तर पर प्रारंभ किया जाएगा। श्री साव ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ को बिलासपुर रेलवे जोन, हाई-कोर्ट और रायपुर के एम्स हॉस्पिटल जैसी बड़ी सौगातें दी हैं। हम अपने प्रदेश के लिए उनके योगदान को नहीं भूला सकते। अटलजी ने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उनके योगदान को चिरस्थायी रखने सभी शहरों में अटल परिसर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सक्ती जिले में 85 करोड़ रुपए की लागत से जल आवर्धन योजना का कार्य अंतिम चरण में है। इसके पूर्ण हो जाने के बाद हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचेगा।

## संपादकीय

# रेपो दर -आर्थिक संतुलन को बनाए रखना होगा

देश में केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों के संबंध में जो फैसला लिया जाता है, उसका असर मुख्यत- बाजार में ऋण चुकाने के लिए मासिक किस्तों पर किसी वस्तु की खरीदारी से लेकर जमीन-जायदाद के कारोबार पर भी पड़ता है। इसलिए जब भी रेपो दरों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होती है, तब इसे लेकर आम लोगों के बीच उत्सुकता रहती है। हालांकि ज्यादातर साधारण लोगों को अर्थव्यवस्था के जटिल नियम-कायदों से बहुत वास्ता नहीं होता और वे ऐसे फैसलों के अमल के बाद बनने वाली स्थितियों पर निर्भर रहते हैं कि उनकी जेब ढीली होगी या उन्हें राहत मिलेगी।गौरतलब है कि बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की गई कि इस बार भी नीतिगत दरों में में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी बीते अगस्त की तरह अक्तूबर में ब्याज दर को 5.5 फीसद पर ही यथावत रखा गया है। कहा जा सकता है कि त्योहारों के इस मौसम में अगर लोगों को अतिरिक्त राहत नहीं मिली है, तो कोई बड़ा झटका भी नहीं लगा है। हालांकि पिछले कुछ समय से भारत सहित दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह की अनिश्चितता बनी हुई है, उसमें आम लोगों का आशंकित होना स्वाभाविक है।दरअसल, अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने की नीति पर कदम बढ़ाने के बाद भारत सरकार ने आंतरिक मोर्चे पर अर्थव्यवस्था को संभालने और आम लोगों को राहत देने के लिए जिस तरह माल एवं सेवा कर के ढांचे में बदलाव करने सहित कुछ अन्य कदम उठाए, उसमें रेपो दरों को लेकर भी लोगों के बीच यह उम्मीद बंधी थी कि इसमें भी कोई राहत का संदेश आएगा। मगर केंद्रीय बैंक की ओर से इसे यथावत रखने की घोषणा के बाद अब संभव है कि लोगों को अपने आर्थिक मामलों में थोड़ा संतुलन का ध्यान रखना होगा।इससे पहले इस वर्ष रेपो दरों में तीन बार कटौती के साथ इसमें सौ आधार अंकों की कमी की जा चुकी है। जाहिर है, यह न केवल देश के भीतर आर्थिक उतार-चढ़ावों का सामना करने की कोशिश है, बल्कि फिलहाल दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जैसी चुनौतियां खड़ी हैं, उसमें स्थिरता बनाए रखने के उपायों से अर्थव्यवस्था को संभालने में मदद मिल सकती है।केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों को लेकर जो फैसले लिए जाते हैं, उसके तहत अगर इसमें कमी की जाती है, तो उसे मुख्य रूप से ऋण के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता है। ऋण का सस्ता या महंगा होने का हिसाब इसी पर निर्भर करता है।इसका सीधा और पहला असर वैसे उपभोक्ताओं पर पड़ता है, जिन्होंने घर, वाहन या अन्य सामान या फिर शिक्षा के लिए बैंकों से कर्ज लिया होता है। चूंकि रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों के अनुरूप ही व्यावसायिक बैंक उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले ऋण और अन्य सावधि जमा के मद में ब्याज की दरों का निर्धारण करते हैं, इसलिए वैसे लोग भी रिजर्व बैंक की ओर से नीतिगत दरों में कमी किए जाने का इंतजार करते हैं, जो कर्ज सस्ता होने के बाद कुछ खरीदने या कहीं निवेश करने के बारे में सोच रहे होते हैं।इस लिहाज से देखें तो इस बार नीतिगत दरों के यथावत रहने से ऋण की मासिक किस्तों में कोई बदलाव नहीं होगा।

# राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली सौ वर्ष

**संघ ने दादरा, नगर हवेली और गोवा के विलय में निर्णायक भूमिका निभाने का कार्य किया था, 2 अगस्त 1954 की सुबह संघ के स्वयंसेवकों ने पुतर्गाल का झंडा उतारकर तिरंगा फहरा कर पुतर्गाल के कब्जे से मुक्त करवाया था। संघ के स्वयंसेवक 1955 से चले गोवा मुक्ति संग्राम में शामिल रहे, उन्होंने गोवा में सशस्त्र हस्तक्षेप करने से तत्कालीन सरकार के द्वारा इनकार करने पर जगन्नाथ राव जोशी के नेतृत्व में गोवा पहुंच कर के आंदोलन शुरू किया था, लेकिन बाद में जब जगन्नाथ राव जोशी सहित संघ के कार्यकर्ताओं को दस वर्ष की सजा हुई तो गोवा के हालत बिगड़ने पर अंततः भारत सरकार के सैनिकों को हस्तक्षेप करना पड़ा था और वर्ष 1961 में संघ की क्रांति के दीप से ही गोवा भी स्वतन्त्र हुआ था।**


**(दीपक कुमार त्यागी)**

वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्र निर्माण के लिए किये गये कार्यों की लंबी फेरहिस्त देखें तो उससे यह स्पष्ट होता कि राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक का हमेशा अनमोल योगदान रहा है, उस योगदान की अनदेखी करना देश हित व समाज हित में उचित नहीं है।

डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने पावन पर्व विजयदशमी के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना राष्ट्र, संस्कृति व समाज हित के लिए की थी। संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करते हुए अपने कार्यों के दम पर करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से योगदान देने का कार्य निरंतर कर रहा है। हालांकि देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निर्माण के दिन से ही उसके बारे में तरह-तरह का दुष्प्रचार करने की क्षणिक स्वार्थ पूरा करने वाली राजनीति की जबरदस्त ढंग से होती रही है, यह लोग ओछी राजनीति से वशीभूत होकर के राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी कि आरएसएस की कोई भी भूमिका नहीं रही, आम जनमानस को ऐसा बता कर के संघ के प्रति आम जनमानस को बरगलाने का प्रयास करते हैं, जो सरासर ग़लत है।

वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्र निर्माण के लिए किये गये कार्यों की लंबी फेरहिस्त देखें तो उससे यह स्पष्ट होता कि राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक का हमेशा अनमोल योगदान रहा है, उस योगदान की अनदेखी करना देश हित व समाज हित में उचित नहीं है। इसलिए समय रहते हम लोगों को यह समझना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश का अनुशासित सांस्कृतिक संगठन है, संघ का स्वयंसेवक बिना किसी लोभ-लालच के राष्ट्र व समाज के लिए निस्वार्थ भाव से अपने तन, मन और समय को अर्पित करने का कार्य करता है। एक सच्चे स्वयंसेवक का जीवन केवल निजी उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह अपनी सांसों को भी मातृभूमि की सेवा का साधन बना देता है, वह राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए हर पल तत्पर रहता है। वैसे भी किसी भी ताकतवर राष्ट्र के निर्माण के लिए अनुशासन व नैतिकता बेहद आवश्यक होती है, इन दोनों के बिना किसी भी ताकतवर राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के लिए नैतिकता व अनुशासन सर्वोपरि होता है, इसलिए उसका राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है।

संघ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय निर्माण की विचारधारा के दम पर ही दुनिया भर में अपनी विशेष पहचान रखता है। यह देश व दुनिया का एक ऐसा संगठन है जो अपनी विशेष कार्यशैली के दमखम पर दुनिया में सनातन धर्म-संस्कृति के रक्षक तौर पर और एक बहुत बड़े सामाजिक संगठन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। संघ




अपने निर्माण के सौ वर्षों के लंबे सफ़र के बाद अब अपनी कार्यशैली के बलबूते दुनिया के ताकतवर बड़े गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) में शुमार हो गया, आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक फैलें हुए हैं और सबसे अहम बात यह है कि संघ दुनिया भर का एक ऐसा संगठन है, जोकि अपनी स्थापना के सौ वर्षों के बाद भी अपनी विचारधारा व उद्देश्यों से जरा भी नहीं भटका है, आज भी अपनी विचारधारा पर संघ पूरी तरह से कायम है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन की सबसे बड़ी खूबी यह है कि संघ के राष्ट्र निर्माण व समाज के लिए पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से समर्पित स्वयंसेवकों की टोली हमेशा अपना कार्य निस्वार्थ भाव से करना जारी रखती और कभी भी श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं करती है। हालांकि देश व दुनिया में जब से डिजिटल क्रांति आयी है तब से लोगों को यह पता चलने लगा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना काल के दौर से ही राष्ट्र निर्माण, एकता और सांस्कृतिक जागरण के दीप को प्रज्ज्वलित करते हुए समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने पर जोर दिया है। देश की आज़ादी के दौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जहां लोगों को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत करने का कार्य बखूबी किया था, वहीं आजाद भारत में संघ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास करते हुए एकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य करते हुए राष्ट्र व समाज हित में निरंतर कार्य कर रहा है। आज देश के दूरदराज इलाकों तक में भी संघ अपनी 55 हज़ार शाखाओं व करोड़ों स्वयंसेवकों के माध्यम से पहुंच कर जनहित व राष्ट्रहित के कार्यों को निरंतर अंजाम दे रहा है।

राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य की बात करें तो संघ के स्वयंसेवकों ने वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों की सहायता करते हुए, उन लोगों के जान-माल की सुरक्षा करने का कार्य बड़े पैमाने पर किया था।

संघ ने दादरा, नगर हवेली और गोवा के विलय में निर्णायक भूमिका निभाने का कार्य किया था, 2 अगस्त 1954 की सुबह संघ के स्वयंसेवकों ने पुतर्गाल का झंडा उतारकर तिरंगा फहरा कर पुतर्गाल के कब्जे से मुक्त करवाया था। संघ के स्वयंसेवक 1955 से चले गोवा मुक्ति संग्राम में शामिल रहे, उन्होंने गोवा में सशस्त्र हस्तक्षेप करने से तत्कालीन सरकार के द्वारा इनकार करने पर जगन्नाथ राव जोशी के नेतृत्व में गोवा पहुंच कर के आंदोलन शुरू किया था, लेकिन बाद में जब जगन्नाथ राव जोशी सहित संघ के कार्यकर्ताओं को दस वर्ष की सजा हुई तो गोवा के हालत बिगड़ने पर अंततः भारत सरकार के सैनिकों को हस्तक्षेप करना पड़ा था और वर्ष 1961 में संघ की क्रांति के दीप से ही गोवा भी स्वतन्त्र हुआ था।

संघ के स्वयंसेवक अनुशासन व ट्रेनिंग के दम पर ही तो देश में सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन के कार्य में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेते आये है। भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, चक्रवाती तूफ़ान, युद्ध, महामारी (प्लेग? व कोरोना आदि) और अन्य राष्ट्रीय संकटों के समय हमेशा अपनी जान की परवाह किए बिना ही राहत व बचाव के कार्यों में बढ़-चढ़कर के सक्रिय भूमिका निभाते हुए नज़र आते हैं।

विद्या भारती, सेवा भारती जैसे संगठनों के माध्यम से संघ देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कार्यरत हैं। विद्या भारती जैसे संघ के संगठनों ने भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य पूरे देश में चला रखा है। देश में हजारों स्कूलों के माध्यम से लाखों छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा निरंतर प्रदान की जा रही है। संघ के द्वारा शिक्षा के माध्यम से नैतिकता, देशभक्ति और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को युवा पीढ़ी में स्थापित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। आज देश में 86 प्रांतीय एवं क्षेत्रीय समितियाँ विद्या भारती से संलग्न हैं। जिसके अंतर्गत 30 हज़ार शिक्षण संस्थाओं में 9 लाख शिक्षकों के मार्गदर्शन में 45 लाख छात्र-छात्राएं शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इनमें से 49 शिक्षक प्रशिक्षक संस्थान एवं महाविद्यालय, 2353 माध्यमिक एवं 923 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 633 पूर्व प्राथमिक एवं 5312 प्राथमिक, 4164 उच्च प्राथमिक एवं 6127 एकल शिक्षक विद्यालय तथा 3679 संस्कार केंद्र हैं। वहीं आज देश के विभिन्न दूरदराज तक के हिस्सों में शिशु वाटिकाएं, शिशु मंदिर, विद्या मंदिर, सरस्वती विद्यालय, उच्चतर शिक्षा संस्थान, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र और शोध संस्थान हैं। देश में इन सरस्वती मंदिरों की संख्या अब भी निरंतर बढ़ रही है और आज विद्या भारती देश का सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षा संगठन बन चुका है।

वर्ष 1962 में चीन से हुए युद्ध में भी संघ ने बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिससे प्रभावित होकर संघ को वर्ष 1963 के गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने का निमन्त्रण तक दिया था।

संघ देश मे तेजी से चल रहे धर्मांतरण की आंधी को रोकने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, सामाजिक समरसता और सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। देश के आदिवासी क्षेत्रों में जिस तरह से तेजी से धर्मांतरण करने का जाल बिछाया गया, संघ के स्वयंसेवकों ने जान की बाजी लगाकर उसको काफी हद तक रोकने का कार्य किया है।

# जातिवाद, वैचारिक विरोधी और संघ

**(उमेश चतुर्वेदी)**

संघ के जातिवादी होने के सवाल पर विज्ञान भवन के कार्यक्रम में भागवत जी ने कहा था कि अगर भारत में अंतररजातीय विवाहों की गणना किया जाए तो अंतरजातीय विवाह करने वालों में सबसे ज्यादा संख्या संघ के स्वयंसेवकों की होगी।

यह संयोग ही है कि ठीक सौ साल पहले 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई, ठीक उसके कुछ ही महीने बाद छब्बीस दिसंबर 1925 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई। सौ साल की यात्रा को जब पीछे मुड़कर देखते हैं तो पता चलता है कि जोर-शोर से शुरू हुआ भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन भारत भूमि पर दम तोड़ता नजर आ रहा है, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा लगातार आगे बढ़ रही है। सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक मोर्चे पर संघ की वैचारिकी की प्रगति यात्रा जारी है।




एक ही वक्त पर शुरू दोनों वैचारिकी में एक विशेष अंतर रहा। वाम आंदोलन के निशाने पर सदा संघ की विचारधारा और संगठन रहा। संघ के खिलाफ कभी सत्ता के सहयोग से तो कभी किसी और तरीके दुष्प्रचार खूब फैलाया गया। उसी में एक विचार ऐसा है कि संघ मुसलमानों के खिलाफ है। वैचारिक और सामाजिक मोर्चे पर यह भी स्थापित करने की कोशिश की गई कि संघ भारतभूमि से मुस्लिम धर्म का समूल खात्मा चाहता है। लेकिन हकीकत कुछ और है। संघ की प्रतिनिधि सभा के सदस्य और वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्रेश कुमार जी के संयोजन में साल 2002 से 'राष्ट्रीय मुस्लिम मंच' नाम का संगठन काम कर रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य इस्लाम मानने वाले भारतीय लोगों के बीच 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के संदर्भ में भारतीय राष्ट्रीयता के विचार को बढ़ावा देना है। संघ का कोई घोषित या अघोषित उद्देश्य नहीं है कि भारत भूमि मुस्लिम लोगों से मुक्त हो। संघ का प्रयास है कि भारत के मुसलमानों को लेकर स्थापित छवि बदले और राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका हो।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर 'गुरू' जी रचित किताब 'ब्रंच ऑफ थॉट' का हवाला देकर अक्सर संघ को मुस्लिम विरोधी और सांप्रदायिक होने का प्रयास किया जाता है। वामपंथी विचारधारा के बुद्धिजीवियों को जब भी संघ पर हमला करना होता है, 1966 में प्रकाशित इसी किताब का वे हवाला देते हैं। संघ के मौजूदा सरसंघचालक मोहन राव भागवत जी इस बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर कर चुके हैं। सात साल पहले सितंबर 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई तीन दिनों की विशेष व्याख्यान माला के आखिरी दिन 20 सितंबर को संघ प्रमुख ने श्रोताओं से आमंत्रित प्रश्नों का जवाब दिया था। उसमें 'ब्रंच ऑफ थॉट' को लेकर भी एक प्रश्न पूछा गया था। उस प्रश्न के जवाब में मोहन राव भागवत ने कहा था, 'रही बात, 'बंच ऑफ थॉट्स' की, तो बातें जो बोली जाती हैं वे परिस्थिति विशेष, प्रसंग विशेष के संदर्भ में बोली जाती हैं।

**10 साल में जो नहीं हुआ नवरात्र में हो गया...**

# ये रिकॉर्ड कैसा ? दिवाली के लिए माहौल सेट, ट्रंप देखकर रो देंगे

**महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पिछले साल के मुकाबले अपनी बिक्री में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी। कंपनी एक्सयूवी 700 और स्कारपियों एन जैसी लोकप्रिय एसयूवी बेचती है। हुंडई में क्रेटा और वेन?यू जैसे मॉडलों की मांग बहुत बढ़ गई। इससे कुल बिक्री में एसयूवीएस का हिस्सा 72 प्रतिशत से ज्यादा हो गया। दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के शोरूम में इस नवरात्र में ग्राहकों की संख्या दोगुनी हो गई। खासकर आम लोगों के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहनों की मांग बहुत ज्यादा रही। टाटा मोटर्स ने त्योहारों के दौरान 50,000 से ज्यादा गाड़ियां बेचीं। इनमें अल?ट्रोज, पंच, नेक?सॉन और टियागो जैसे मॉडलों की मांग खूब रही। बजाज ऑटो ने भी नवरात्र के दौरान अच्छी बिक्री दर्ज की।**

**(अमित शुक्ला)**

भारत में हाल ही में हुई नवरात्र की बिक्री ने जबरदस्त माहौल बना दिया है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय में इस बार बिक्री सबसे मजबूत रही है। ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने इस दौरान डबल डिजिट में ग्रोथ दर्ज की। उद्योग के अधिकारियों ने इस बढ़ती मांग का श्रेय मोदी सरकार के जीएसटी सुधारों को दिया। इन सुधारों ने टैक्स दरों को कम किया। इससे कीमतें घटीं। लोगों की मनपसंद वस्तुओं तक पहुंच बढ़ी। इस कारण उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ा। उन्होंने ज्यादा खर्च किया। यह त्योहारी सीजन के पहले हिस्से में बड़ी सफलता है। दिवाली के लिए इससे मजबूत रफ्तार का संकेत मिलता है। ये आंकड़े ऐसे समय आए हैं जब अमेरि?की राष्ट्रपति? डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। कुछ दि?न पहले उन्होंने भारत को 'डेड इकॉनमी' कहा था।

त्योहारी खरीदारी में सभी श्रेणियों में भारी उछाल आया। इसमें कार और दोपहिया वाहन शामिल थे। बड़े स्क्रीन वाले टेलीविजन और स्मार्टफोन की बिक्री भी खूब बढ़ी। इस तरह नवरात्र हाल के वर्षों में सबसे ज?यादा मुनाफे वाली बिक्री अवधियों में से एक बन गई।

**जीएसटी सुधार ने कर दिया कमाल-** उद्योग जगत के लोगों ने इस बढ़ती मांग का मुख्य कारण मोदी सरकार के नेक?स?ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों को बताया। इन सुधारों ने टैक?स दरों को कम किया। इससे उत्पादों की कीमतें घटीं। साथ ही, लोगों की मनपसंद वस्तुओं तक पहुंच भी बढ़ी।

विश्लेषकों के अनुसार, जीएसटी स्लैब के युक्तिकरण और टैक?स बोझ में कमी ने उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाया है। इससे लोगों ने अपनी पसंद की चीजों पर ज?यादा खर्च किया। कुल मिलाकर, खुदरा विक्रेताओं और निर्माताओं ने पिछले साल की तुलना में 25त्न से 100 प्रतिशत तक की बिक्री ग्रोथ दर्ज की।




**ऑटो सेक?टर में मारुति ने गाड़ दि?या झंडा** ऑटोमोबाइल क्षेत्र में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने सबसे आगे बढ़कर प्रदर्शन किया। इस नवरात्र में उसने अपनी बिक्री में 100 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी। यह पिछले साल के मुकाबले दोगुनी थी। पिछले कम से कम दस सालों में सबसे अच्छी बिक्री रही। मारुति सुजुकी ने बताया कि उन्हें 3.5 लाख बुकिंग मिली हैं। इनमें से लगभग 2.5 लाख बुकिंग अभी बाकी हैं। कंपनी को भरोसा है कि इस नवरात्र के आखिर तक वह 2 लाख गाड़ियों की डिलीवरी कर देगी। पिछले साल नवरात्र में कंपनी ने 85,000 गाड़ियां बेची थीं। मारुति सुजुकी ने नवरात्र के पहले 8 दिनों में ही 1.65 लाख गाड़ियों की बड़ी खेप डिलीवर की। नवरात्र के पहले दिन मारुति ने रिकॉर्ड 30,000 कारें डिलीवर कीं। यह पिछले 35 सालों में उसका एक दिन का सबसे अच्छा प्रदर्शन था।

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पिछले साल के मुकाबले अपनी बिक्री में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी। कंपनी एक्सयूवी 700 और स्कारपियों एन जैसी लोकप्रिय एसयूवी बेचती है। हुंडई में क्रेटा और वेन?यू जैसे मॉडलों की मांग बहुत बढ़ गई। इससे कुल बिक्री में एसयूवीएस का हिस्सा 72 प्रतिशत से ज्यादा हो गया। दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के शोरूम में इस नवरात्र में ग्राहकों की संख्या दोगुनी हो गई। खासकर आम लोगों के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहनों की मांग बहुत ज्यादा रही। टाटा मोटर्स ने त्योहारों के दौरान 50,000 से ज्यादा गाड़ियां बेचीं। इनमें अल?ट्रोज, पंच, नेक?सॉन और टियागो जैसे मॉडलों की मांग खूब रही। बजाज ऑटो ने भी नवरात्र के दौरान अच्छी बिक्री दर्ज की।

**इलेक?ट्रॉनि?क?स गुड्स की भी जोरदार बिक्री-** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिला। एलजी, हायर और गोदरेज अप?लायंसेज जैसी कंपनियों ने इस नवरात्र में पिछले साल के मुकाबले अपनी बिक्री में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की। हायर की बिक्री 85 प्रतिशत बढ़ गई। कंपनी ने 2.5 लाख रुपये से ज्यादा कीमत वाले 85-इंच और 100-इंच के अपने दिवाली स्टॉक को लगभग पूरा बेच दिया। कंपनी ने इस दौरान रोजाना 300 से 350 यूनिट 65-इंच के टीवी भी बेचे।

### बस्तर दशहरा लोकोत्सव

# गूंजी पवनदीप और चेतना की आवाज, जनजातीय संस्कृति ने मन मोहा

**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा लोकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में लालबाग मैदान एक यादगार मंच में तब्दील हो गया। इस भव्य सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड संगीत और बस्तर की समृद्ध जनजातीय परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम का सबसे बड़ा आकर्षण बॉलीवुड के जाने-माने गायक पवनदीप और चेतना रहे। इन दोनों कलाकारों ने अपनी सुरीली और शानदार गायकी से मंच पर समां बांध दिया। संगीत प्रेमियों की भारी भीड़ ने दोनों गायकों की प्रस्तुतियों का जमकर लुत्फ उठाया और उत्साह के साथ उनका साथ दिया। अपनी सुरीली आवाज के लिए जाने जाने वाले पवनदीप राजन ने मंच पर केवल गायन ही नहीं किया, बल्कि एक साथ कई



वाद्य यंत्रों के कुशल संचालन का भी अद्भुत प्रदर्शन किया। उनके हाथ कभी गिटार और फिर ड्रम्स पर सफाई से थिरकते दिखे, जिससे संगीत का एक मनमोहक समां बंध गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राओं के मनमोहक प्रदर्शनों से हुई, जिन्होंने कला की विविध छटाएँ बिखेरीं। स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्रों ने सरस्वती मंगलाचारण से माहौल को भक्तिमय बनाया, जबकि बिहू (आसामी), समूह नृत्य (ओड़िआ) और वायनाड केरल ट्रायबल डांस जैसी रंगारंग प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके बाद, बस्तर की सदियों पुरानी जनजातीय परंपरा मंच पर जीवंत हो उठी। लोकोत्सव के मंच पर लामकेर, बस्तर के कल्लूराम और साथियों ने मिलकर मनोरम गेड़ी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा लालबाग मैदान उस समय तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा, जब कलाकारों ने गेड़ी (बाँस के डंडों) पर संतुलन बनाते हुए, तेज ताल और लय के साथ समूह में नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनके पारंपरिक परिधान, ऊर्जा से भरे कदम और शानदार समन्वय ने दर्शकों को बस्तर की माटी और संस्कृति से गहराई से जोड़ दिया। इस नृत्य ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बस्तर दशहरा न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह जनजातीय कला और लोक संस्कृति को जीवंत रखने का एक भव्य मंच भी है। कल्लूराम और उनकी टीम ने अपनी कला से लोकोत्सव की शोभा बढ़ाई और बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को एक यादगार पहचान दी। दरभा विकासखंड के छिंदावाड़ा से आए महादेव और उनके साथियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए धुरवा नाच प्रस्तुत किया।

# युवा कांग्रेस द्वारा बिजली बिल दर बढ़ोत्तरी को लेकर मशाल व मोमबत्ती रैली निकाली गयी

**कांकेर।** प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पठानिया, सहप्रभारी डॉ मोनिका मांडरे साथ प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का कांकेर आगमन पर गर्मजोशी से ऊपर नीचे रोड के पास स्वागत किया गया। उसके पश्चात् पत्रकार वार्ता के माध्यम से प्रदेश के भा ज पा सरकार के गलत नीतियों के कारण बिजली बिल के दरों में बढ़ोत्तरी को लेकर जमकर लताड़ा। जिला युवा कांग्रेस के विस्तारित बैठक मे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु के 15 अक्टूबर को कांकेर आगमन व बिजली बिल दर वृद्धि को लेकर कांकेर कलेक्टोरेट घेराव कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिया गया व चर्चा किया गया। शाम को राजीव भवन कांकेर ऊपर नीचे रोड से आंबेडकर चौक आमपारा तक मशाल व मोमबत्ती लेकर पद यात्रा किया गया। जिसमें प्रदेश महासचिव जसमीत सोनू



शर्मा, जिला प्रभारी श्रीपाल कटारिया, जिला सह प्रभारी खिलेंद्र भुआर्य, प्रदेश सचिव पंकज वाधवानी, राजू दूबे, नौशाद खान, प्रशांत बोगड़े, सूरज कश्यप, कांकेर अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके, जिला उपाध्यक्ष शोएब अहमद, सत्यार्थ करायत, सुरेश नाग, पूर्व अध्यक्ष कांकेर शिवांकित श्रीवास्तव, आदर्श गुप्ता, तौहीद खान, शेष गजबिए, चंद्रलोक ठाकुर, फैजल मेमन, विनय ठाकुर, अभय रॉय, जीशान अली, मृदुला भास्कर, अमन गायकवाड़, नरसिंह तेता, लोमेंद्र यादव, भानुप्रतापपुर अध्यक्ष आकाश यदु, चित्रकोट अध्यक्ष भँवर मौर्य, दंतेवाड़ा अध्यक्ष गणेश दुर्गा, बस्तर अध्यक्ष रियाज़ खान, कोंडागांव अध्यक्ष पीतांबर नाग, कपिल नाग, केशकाल अध्यक्ष संजय मरकाम, निरंजन भास्कर, नरेश तुलावी, बसंत साहू, केशव साहू कांग्रेसी पुरुसोत्तम पाटिल, यासीन कराणी, रोमनाथ जैन, उदय शर्मा, लतीफ मेमन, बंटी सोनकर, समस्त जिला पदाधिकारी एवं तीनो विधानसभा कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दुर्गुकोंदल में 163 स्कूल भवनों की मरम्मत कार्य में हुई गड़बड़ी की जांच की मांग को लेकर अर्द्ध नग्न प्रदर्शन

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड दुर्गूकोंदल मुख्यमंत्री जतन योजना, समग्र शिक्षा योजना, विशेष केन्द्रीय मद से 163 प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल के जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए 6 करोड़ 63 लाख रूपये स्वीकृति हुई थी, लेकिन 30 प्रतिशत राशि खर्च कर 100प्रतिशत मूल्यांकन कर राशि गबन की गई है, इससे नाराज दुर्गूकोंदल विकासखंड के युवाओं ने दोषी ठेकेदों खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग को लेकर रंगमंच दुर्गूकोंदल में अर्द्ध नग्न होकर धरना दिया और धरना स्थल तहसील कार्यालय दुर्गूकोंदल तक रैली निकालकर प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम पर तहसीलदार दुर्गूकोंदल केतन भोयर को ज्ञापन सौंपा। युवा हरेश रावटे, दीपक कल्लो, मुकेश गावड़े, बल्दू दर्रो ने कहा कि विकासखंड दुर्गूकोंदल के 163 स्कूलों में भवन निर्माण कार्य में गफलत हुई है। भवन मरम्मत कार्य 20 प्रतिशत 30 प्रतिशत हुई है, और इंजीनियर ने 100 प्रतिशत मूल्यांकन किया है, भवन मरम्मत में गड़बड़ी उजागर होने के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी ने ठेकेदारों को भुगतान कर दिया है। भवन मरम्मत में लीपापोती हुई है। इस बात की जानकारी विकासखंड से लेकर जिला और प्रदेश तक जानकारी है, फिर भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

की स्कूलों को एक-एक दिन में मरम्मत कर दिया गया स्कूल भवनों की स्वीकृति 1 लाख 50 हजार से




11लाख रूपये तक स्वीकृति दी गई है। इस तरह 163 स्कूलों के लिए 6 करोड़ 63 लाख रूपये स्वीकृति मिली थी, लेकिन ठेकेदारों इंजीनियर, खंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर राशि गबन कर लिया है। युवा नेता अश्वन दुग्गा, राजेश गोटा ने बताया कि 6 करोड़ 63 लाख रूपये से मरम्मत कार्य की गई है, लेकिन सिर्फ इंजीनियर ने माप पुस्तिका राशि को खर्च बताया गया है, क्या क्या सामाग्री लगी है, इसका कोई बिल नहीं है। इंजीनियरों ने ठेकेदारों से कमीशन लेकर सिर्फ मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि को मेजरमेंट बुक में खपत दिखा दिया है। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी में सबकुछ उजागर हो गई है। करोड़ो रुपए के मरम्मत कार्य में बिल क्यों नहीं लगाई गई है। इसकी जांच के पूर्व एफआईआर होनी चाहिए। भवन मरम्मत कार्य में गड़बड़ी, भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत और शासन प्रशासन की ध्यान आकर्षण हेतु 7 अगस्त 2025 को धरना प्रदर्शन और 19 अगस्त 2025 को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुगूकोंदल का घेराव किया गया था, लेकिन अबतक कार्यवाही नहीं की गई है। बल्कि प्रशासन के द्वारा मरम्मत कार्य में हुई गड़बड़ी को दबाने की कोशिश की जा रही है। इसलिए आज 7अक्टूबर को ब्लाक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में अर्द्धनग्न प्रदर्शन कर स्कूल भवन मरम्मत में गडबडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। हमारी मांग है, कि जांच कार्यवाही में शिक्षा विभाग के एक भी अधिकारी कर्मचारी को ना रखा जाये। युवा नेता हरेश रावटे, दीपक कल्लो ने कहा कि विकासखंड दुगूकोंदल के समस्त माध्यमिक, प्राथमिक शाला, हाईस्कूल भवन की मरम्मत की गड़बड़ी करने वालो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच किया जाये।

# क्यूआर कोड स्कैन कर ग्रामीणों को मिलेगी मनरेगा के कार्यों की जानकारी

**बीजापुर ।** प्रत्येक माह 7 तारीख को आयोजित रोजगार दिवस में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नये दिशा-निर्देशों को ग्रामीणों को अवगत कराये जाते हैं। इसी तारत्मय में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड चस्पा किए गए हैं। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे के निर्देशन में इस माह आयोजित रोजगार दिवस में जाबकार्डधारी श्रमिकों का ई- केवाईसी करने के साथ ही क्यू आर कोड स्कैन कर ग्रामीणों को अपने मोबाइल से मनरेगा अंतर्गत पिछले 4 वित्तीय वर्षों के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के तरीके प्रायोगिक रूप से कर समझाया गया।



### महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में आएगी पारदर्शिता

क्यू आर कोड स्कैन करने पर ग्रामीण अपने मोबाइल से मनरेगा अंतर्गत पिछले 4 वर्ष के वित्तीय वर्षों के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसमें व्यय राशि और रोजगार दिवसों की जानकारी भी उपलब्ध होगी। इस पहल से मनरेगा कार्य में फर्जी मास्टर रोल भरना जैसे भ्रष्टाचार पर काफी हद तक लगाम लग सकेगी। रोजगार दिवस में सरपंच पंचायत प्रतिनिधि के अलावा ब्लाक स्तर के अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक के अलावा योजनांतर्गत कार्य करने वाले ग्रामीण श्रमिक, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेस लोकतंत्र एवं संविधान पर विश्वास करती है : सैयद अजमतुल्ला हुसैनी



**नारायणपुर।** नारायणपुर जिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने एवं जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष पद पर चयन कर नियुक्ति करने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से प्रमुख पर्यवेक्षक सैयद अजमतुल्ला हुसैनी, पर्यवेक्षक कुवंर सिंह निषाद विधायक गुंडरदही, पर्यवेक्षक रामकुमार यादव विधायक चद्रपुर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन में संगठन को निचले स्तर पर मजबूत कैसे किया जाए इस पर गंभीरता से चिंतन किया गया। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र एवं संविधान पर विश्वास करती है ।कांग्रेस 100 साल से भी अधिक समय से लोगों की सेवा में जुड़ा हुआ संगठन है। देश में सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र संगठन है जो संविधान को बचाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हुए निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को नेतृत्व का मौका देना है। जिला अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को 20 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक सामाजिक संगठनों से चर्चा कर नए नेतृत्व का चयन करेंगे। लोगों के बीच सक्रियता ही चयन का मापदंड होगा। प्रमुख पर्यवेक्षक सैयद अजमतुल्ला हुसैनी ने कहा कि देश में दो तरह की राजनीति चल रही है एक देश को जोड़ने की, दूसरा देश को तोड़ने की। कांग्रेस पार्टी सत्ता के लिए कार्य नहीं करती है, आम जनता की भावनाओं के अनुरूप कार्य करती है। इस देश के आम लोगों को राजनीति में लाकर मुख्य धारा से जोड़ना है एवं संविधान की रक्षा करना है संविधान से देश चलता है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी वोट के मौलिक अधिकार से लोगों को वंचित करना चाहती है एवं वोट की चोरी कर रही है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि नारायणपुर जिले में कांग्रेस पहले से और अधिक मजबूत हुई है।

### शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा देवंतीन का पूर्वी जोन अन्तर विश्वविद्यालय कबडडी प्रतियोगिता के लिए चयन



**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव की एम.ए. वर्ग की छात्रा देवंतीन का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालय कबडडी (महिला) प्रतियोगिता हेतु किया गया है। देवंतीन इस प्रतियोगिता में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (जगदलपुर) की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह चयन हाल ही में शासकीय दूधाधारी बजरंग कन्या महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। आगामी अंतर विश्वविद्यालय कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 14 अक्टूबर 2025 तक सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर में होगा, जिसमें पूर्वी जोन के लगभग 40 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता पूर्व खिलाड़ियों के लिए 8 से 10 अक्टूबर 2025 तक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या सरला आत्राम के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से महाविद्यालय में जुलाई माह से ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित सभी खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी सतत परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 10 सितम्बर को

**कोण्डागांव।** जिला कोण्डागांव एवं अन्य जिले के शिक्षित युवक-युवतियों के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती महोत्सव वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में 10 अक्टूबर 2025 दिन शुक्रवार को लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जिला कोण्डागांव में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा अपनी-अपनी संस्थाओं में कुल 240 पदों पर भर्ती ली जाएगी। इसमें निजी नियोजक स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड में फील्ड ऑफिसर के 50 पद, कलेक्शन ऑफिसर के 10 पद पर भर्ती किया जाएगा। इसी तरह फायर सेफ्टी एण्ड डिजास्टर मेनेजमेंट इंस्टीट्यूट में सिक्यूरिटी गार्ड के 75 पद, फायरमैन के 20 पद, होम केयर टेकर फिमेल के 30 पद, होम केयर टेकर मेल के 20 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 25 और ड्राइवर के 10 पद पर भर्ती किया जाएगा।

### आदि कर्मयोगी शिविर में मेघनाथ को मिली राहत,कई माह का पेंशन का हुआ भुगतान

**कोण्डागांव।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव में आदि सेवा पर्व के दौरान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामावासियों की मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त किए गए और कई आवेदनों का त्वरित निराकरण भी किया गया। इसी क्रम में 25 सिम्बर को ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में आयोजित शिविर में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि के समक्ष मेघनाथ बघेल ने पेंशन की राशि खाते में जमा नहीं होने की जानकारी दी थी। जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को उक्त मामले की जांच कर राशि दिलाने हेतु निर्देशित किया था। जांच करने पर पाया गया कि पेंशन की राशि जिला सहकारी बैंक में जमा हो रहा था, जिसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी श्रीमती ललिता लकड़ा ने हितग्राही को 10 महीने की पेंशन की राशि 05 हजार रूपए का भुगतान कराया।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए नि:शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण शिविर 15 अक्टूबर से

कोण्डागांव। आगामी वर्ष 2025-26 में आयोजित होने वाली अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों हेतु जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 15 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोण्डागांव (लाईवलीहुड कॉलेज परिसर) में संचालित होने वाले इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर पंजीयन कराना होगा।

### पलारी में अमानक कीटनाशक औषधि के भण्डारण तथा बिक्री पर लगा प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** कार्यालय उप संचालक कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2025-26 के दौरान अधोहस्ताक्षरी एवं कीटनाशक निरीक्षक द्वारा कीटनाशक अधिनियम 1968 के अंतर्गत विकासखण्ड कोण्डागांव के ग्राम पलारी में स्थित मेसर्स सीताराम कृषि केन्द्र तथा मेसर्स सानवी ट्रेडर्स पलारी से कीटनाशक औषधि के नमूने लेकर विश्लेषण हेतु राज्य कीटनाशक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला ठेलकाडीह राजनांदगांव भेजा गया था। विश्लेषण उपरांत अमानक पाये जाने के फलस्वरूप कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 3 के उल्लंघन के फलस्वरूप 18 (1) (सी) के अंतर्गत मेसर्स माँ सीताराम कृषि केन्द्र से श्रीकर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड मलकानगिरी हैदराबाद कम्पनी के अमानक कीटनाशक तथा मेसर्स सानवी ट्रेडर्स पलारी से शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड संगारेड्डी कंपनी के अमानक कीटनाशक का भण्डारण तथा विक्रय तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

# ग्राम सभा का सफल आयोजन: विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा



**किरंदुल।** ग्राम पंचायत पालनार के पंचायत भवन में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण सभा में स्थानीय विकास, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनहित से जुड़े विभिन्न मुददों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता लक्ष्मी ओयामी ने किया जनपद अध्यक्ष सुकालू की गरिमामय उपस्थि रहीं। इस विशेष ग्राम सभा में सरपंच, उप-सरपंच, ग्राम पंचायत पालनार के सभी वार्ड पंचों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण, विशेषकर माताओं और बहनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभा को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम सभा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ग्राम सभा ही लोकतंत्र की नींव है। यह एक ऐसा मंच है जहां गांव के सभी वयस्क नागरिक सीधे तौर पर अपने गांव के विकास की योजना बना सकते हैं और शासन-प्रशासन की जवाबदेही तय कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे गांव के विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लें।

# ईदवाया में नवीन कैम्प स्थापित

**नारायणपुर।** नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सल मुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने हेतु क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। साथ ही अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैम्प स्थापित करते हुए सड़क पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंदरूनी गांव तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।इसी कड़ी में थाना ओरछा के ग्राम ईदवाया क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं ओरछा - एडजूम-ईदवाया-आदेर मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यों में सहयोग पहुंचाने के उददेश्य से नारायणपुर पुलिस डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं आईटीबीपी 29वीं, 38वीं, 44वीं, 45वीं वाहिनी के द्वारा घोर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम ईदवाया में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। ग्राम ईदवाया में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के



ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्राम ईदवाया ओरछा ब्लॉक, ओरछा तहसील व थाना ओरछा क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। नवीन कैम्प ईदवाया थाना ओरछा से 12 किलोमीटर और एडजूम से 5.5 किलोमीटर दक्षिण दिशा में स्थित है। कैम्प ओपनिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक नारायणपुर रॉबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.) ने अन्य अधिकारियों के साथ ग्राम ईदवाया, दुलूर, भटबेड़ा, बड़े तोडबेडा, आदेर, मरकाबेड़ा और ओरछामेटा एवं आसपास गांव से आये ग्रामीणों से कुशलक्षेम जानकर उनके समस्याओं को सुना गया। जिला मुख्यालय नारायणपुर से बेड़माकोटी तक जल्द ही बस सुविधा प्रारंभ की जायेगी। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मुलन में तेजी आई है जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अब तक नक्सल विचारधारा को त्याग कर 192 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किये एवं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों 99 माओवादी को मार गिराने व 117 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है। नारायणपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित नक्सलियों के आश्रयस्थल कोडलियर, बेडमाकोटी, पदमकोट, कान्दुलपार, नेलांगूर, पांगूड, रायनार, एडजुम और ईदवाया में कैम्प खोली है।

# कमिश्नर और आईजी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ली बस्तर ओलम्पिक आयोजन तैयारी की समीक्षा बैठक

**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने कहा कि शासन की मंशानुरूप बस्तर ओलम्पिक 2025 का आयोजन व्यवस्थित और गरिमापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करें। बस्तर ओलम्पिक के आयोजन के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक स्तर पर सभी आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था समयपूर्व सुनिश्चित करें और इसमें अधिकाधिक प्रतिभागियों की सहभागिता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा पंजीयन करें। कमिश्नर डोमन सिंह ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बस्तर ओलम्पिक 2025 के आयोजन तैयारी की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में आईजी सुंदरराज पी सहित सातों जिले के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक और सीईओ जिला पंचायत तथा संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक आयोजन समिति के सदस्य




अधिकारी शामिल हुए। कमिश्नर ने कहा कि गत वर्ष के बस्तर ओलम्पिक आयोजन से समूचे देश में बस्तर ओलम्पिक को प्रसिद्धि मिली है, इसे मद्देनजर रखते हुए इस वर्ष बस्तर ओलम्पिक में अधिक से अधिक प्रतिभागियों की उत्साहपूर्वक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समन्वित प्रयास करें। इस दिशा में बीते साल की अपेक्षा तीन गुना ज्यादा पंजीयन करें। लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन करने हेतु ग्रामीण इलाकों में कोटवारों से मुनादी, पंचायत की बैठक इत्यादि में जानकारी दी जाए, साथ ही नगरीय क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से प्रचा

र-प्रसार कर अवगत कराया जाए। वहीं अधिकारियों, स्पोर्ट्स आइकॉन, प्रमुख सामाजिक हस्तियों की मौजूदगी के साथ रैलियों का आयोजन कर प्रतिभागियों को बस्तर ओलम्पिक में सहभागिता निभाने

## संक्षिप्त समाचार

### कोटा में 20 राशन दुकान आवंटन के लिए 13 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर।** कोटा विकासखण्ड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 20 राशन दुकान आवंटन के लिए 13 अक्टूबर 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक समिति अथवा समूह उक्त तिथि तक अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय कोटा में निर्धारित प्रारूप में आवेदन दे सकते हैं। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय कोटा के खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन क्षेत्रों के लिए राशन दुकान आबंटित किये जाने हैं, उनमें कोटा शहर में वार्ड नम्बर 10-11 मिलाकर एक, रतनपुर शहर के वार्ड नम्बर 5,वार्ड नम्बर 9 एवं वार्ड नम्बर 11 में एक-एक, खुरदूर, नवागांव (सो) सोनपुरी, चंगोरी, छेरकाबांधा, देवनपुर, बहेरामुड़ा, खैरझिटी, सक्तिबाहरा, कोनचरा, सीस, खैरा, लमकेना, नेवारीबहरा, आमामुड़ा और भरदैयाडीह शामिल हैं। एसडीओ राजस्व ने बताया कि स्थानीय स्तर पर कार्यरत सहकारी समितियां, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, वन सुरक्षा समितियां एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां आवेदन के लिए पात्रता रखते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कोटा राजस्व अनुविभाग कार्यालय सहित तहसील एवं जनपद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### छात्रावास मरम्मत कार्यों की निविदा निरस्त

**बिलासपुर।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा छात्रावास एवं आश्रमों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए जारी निविदा निरस्त कर दी गई है। गत 4 अगस्त को इन कार्यों के लिए निविदा सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी किया गया था। सहायक आयुक्त ने अपरिहार्य कारणों से 9 सितम्बर को आदेश जारी कर इसे आगामी आदेश तक के लिए निरस्त कर दिया है।

### एमएसटीसी पोर्टल से होगा रेत खदानों का आवंटन

**बिलासपुर।** रेत खदान के इच्छुक बोली कर्ताओं को पोर्टल के बारे में जानकारी देने के लिए 13 अक्टूबर को बिलासपुर में संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। कलेक्टोरेट कार्यालय बिलासपुर के नजदीक स्थित जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाभवन में दोपहर 2 बजे से ये प्रशिक्षण शुरू होगा। उप संचालक खनिज प्रशासन बिलासपुर किशोर गोलघाटे ने बताया कि इस बार गौण खनिज साधारण रेत का आवंटन एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। आवंटन की कार्यवाही ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के अनुसार होगी। प्रशिक्षण में इच्छुक बोलीकर्ताओं को ई-नीलामी से जुड़ी तमाम प्रक्रिया जैसे कि निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने के लिए बोलीकर्ताओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन आदि पोर्टल के माध्यम से होने वाली समस्त जानकारी बताई जायेगी। रेत खदान के इच्छुक बोलीकर्ता इस प्रशिक्षण में हिस्सा ले सकते हैं। संभाग स्तरीय इस प्रशिक्षण बिलासपुर सहित संभाग के अन्य जिलों जैसे कि मुंगेली, जीपीएम, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, सक्ती, रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिलों के इच्छुक बोलीदारों के लिए आयोजित की गई है। उप संचालक ने इच्छुक बोलीदारों को इस प्रशिक्षण में हिस्सा लेकर जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### जिला पंचायत की बैठक 15 अक्टूबर को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की बैठक 15 अक्टूबर को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में लोक निर्माण विभाग, खनिज विभाग, जल संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, समाज कल्याण, कृषि एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन, जिला पंचायत के आय-व्यय की जानकारी एवं अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### अटल डिजिटल सुविधा केंद्रः ग्रामीणों को मिल रही नगद निकासी की सुविधा

**बिलासपुर।** अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के माध्यम से जिले के ग्रामीणों को नगद निकासी की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे बैंकों पर निर्भरता और भीड़ में कमी आ रही है। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली राशि का पारदर्शी, सुविधाजनक और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। अब हितग्राही अपने ग्राम पंचायत स्तर पर ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से पेंशन राशि एवं अन्य योजनाओं की राशि निकाल सकते हैं। समाज कल्याण विभाग की सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं में पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खातों में किया जाता है, परंतु बैंक से राशि निकालना हितग्राहियों के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है।

बाल विवाह की सूचना मिलने पर 1098 पर करें कॉल

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सुरेश सिंह एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सूर्यकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह करने कराने या उसमें सहयोग देने वाले को दो वर्ष की सजा अथवा एक लाख रुपये जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षको एवं ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, समाज प्रमुख गैर-शासकीय संगठनों के प्रतिनिधि, मंदिरों के पुजारी, विवाह आयोजक, विवाह भवन सचालक, प्रिटिंग प्रेस, टेंट, बैंड, एवं केटरिंग सेवा प्रदाताओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, या आपातकालीन नंबर 112 पर सूचना दी जा सकती है। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ऐसे ग्राम पंचायत जिसमें विगत 2 वर्षों से कोई भी बाल विवाह नहीं हुआ है उन्हें ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करते हुये बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित किया जाकर चाईल्ड फ्रेंडली पंचायत की परिकल्पना को साकार करना है। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने



हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 10 मार्च 2024 से पूरे राज्य में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता एवं क्षमता निर्माण के प्रयास लगातार किए जा रहे है। कार्यशाला के समापन अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर ने उपस्थित अतिथियों, प्रतिभागियों, समाजसेवियों एवं आयोजनकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा की बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जिसे सामूहिक प्रयास और जनजागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीता बरसैया, बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री कांतिलाल साहू, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य्य श्रीमती डा. उषा किरण बाजपेयी एवं रिसोर्स पर्सन श्री मनीष कश्यप एड्वोकेट ने प्रशिक्षण दिया। उन्मुखीकरण सह कार्यशाला को सुगम बनाने में बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री उमाशंकर अनंत, श्री अमित भारत, श्री मिलिंद द्विवेदी, श्रीमती ज्योति तिवारी, श्रीमती सुरूचि श्याम, श्रीमती विद्या पाडे, श्रीमती मीना उपाध्याय, श्रीमती स्मिता शुक्ला श्रीमती किरन खेडकर, श्री राहुल पवार संरक्षण अधिकारी, श्री अजय पटेल विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, श्री गोवर्धन प्रसाद धीवर संरक्षण अधिकारी, श्री चंद्रशेखर तिवारी परामर्शदाता श्री हुलेश्वर प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता, सुश्री अल्का लकड़ा सामाजिक कार्यकर्ता, सुश्री रोशनी पांडेय जिला समन्वयक, सुश्री जया चंद्राकर जेंडर विशेषज्ञ, श्री सुरेश साहू परियोजना समन्वयक एवं चाईल्ड लाईन, विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## कलेक्टर संजय अग्रवाल ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण.......

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला कोषालय का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोषालय की समस्त व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए डबल लॉक का भौतिक सत्यापन, संबंधित पंजियों का परीक्षण तथा स्टाम्प, टिकट, बिल पासिंग,पेंशन भुगतान एवं लेखा कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कोषालय में अभिलेखों के सुरक्षित रखरखाव, दस्तावेजों के अद्यतन एवं वित्तीय अनुशासन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कार्य की पारदर्शिता, सटीकता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी बसंत गुलेरी, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत, सहायक कोषालय अधिकारी



सुजीत कुमार पात्रे, खजांची ज्ञानू भारद्वाज, सुरेंद्र देवांगन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजली कर्मियों को दीपावली से पहले बोनस की उम्मीद.....

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी जल्द से जल्द बोनस भुगतान की मांग कर रहे हैं। बिजली कर्मचारी संगठनों ने एसईसीएल, एनटीपीसी और बालको जैसे औद्योगिक संस्थानों की तरह कंपनी के कर्मचारियों को भी बोनस देने की मांग करी है। बीएमएस से सम्बद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने कंपनी के चेयरमैन को पत्र लिखकर बिजली कर्मचारियों को कम से कम 30 हजार रुपए बोनस भुगतान की मांग की है। बिजली कंपनी के कर्मचारियों को अब तक बोनस का भुगतान नहीं हुआ है। उम्मीद है कि दीपावली के पहले छत्तीसगढ़ बिजली कंपनी के कर्मचारियों को बोनस का भुगतान हो जाएगा। जिले में एसईसीएल, एनटीपीसी और बालको उपक्रम में कार्यरत कर्मचारियों को बोनस का भुगतान दशहरा उत्सव के पूर्व ही कर दिया गया है। लेकिन बिजली कंपनी के कर्मचारी बोनस पाने के मामले में इन औद्योगिक संस्थानों के कर्मचारियों से पीछे चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बिजली कंपनी के कर्मचारियों को अभी तक बोनस का भुगतान नहीं हुआ है। प्रत्येक वर्ष बिजली कंपनी के कर्मचारियों को त्योहारी सीजन में बोनस राशि के रूप में एक्सग्रेशिया का भुगतान किया जाता है। हालांकि अभी तक बिजली कर्मचारियों को बोनस देने के संबंध में प्रबंधन की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया है। कंपनी के कर्मचारी संगठनों का कहना है कि प्रदेश व देश की बिजली जरूरत को पूरा करने में कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान होता है। दीपावली पर्व नजदीक है इसे देखते हुए कर्मचारियों को बोनस भुगतान के संबंध में जल्द निर्णय लेना चाहिए। कर्मचारी संगठनों ने बोनस को लेकर मांग शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य बिजली कंपनी के उत्पादन वितरण और पारेषण कंपनी में लगभग 11 हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं इसके अलावा कंपनी में बड़ी संख्या में संविदा और ठेका कर्मचारी भी नियोजित हैं। कर्मचारी संगठन ने ठेका कर्मचारियों को भी बोनस भुगतान की मांग को लेकर पत्र दिया है।छत्तीसगढ़ राज्य बिजली कंपनी में एसईसीएल व एनटीपीसी की तरह कर्मचारियों को परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवार्ड (पीएलआर) या परफॉर्मेंस रिलेटेड पे (पीआरपी) का भुगतान नहीं किया जाता। बिजली कंपनी में प्रत्येक वर्ष बोनस के तौर पर अनुग्रह राशि (एक्सग्रेशिया) का भुगतान किया जाता है। पिछले वर्ष दीपावली के समय एक्सग्रेशिया के रूप में प्रत्येक कर्मचारी को 12 हजार रुपए का भुगतान किया गया था।

## आभूषण चोरी करने वाला गिरफ्तार,चोरी हुये सोन चांदी का आभूषण बरामद

**बिलासपुर।** दो अक्टूबर को प्रार्थी कनक विश्वकर्मा पिता स्व. ईतवारी राम विश्वकर्मा, निवासी ग्राम पीपरतराई, थाना कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह अपने परिवार के साथ ग्राम पीपरखुटी गया हुआ था। शाम लगभग 6 बजे घर लौटने पर देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ है तथा घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं अन्य कीमती सामान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोटा में अपराध धारा 331(3), 305(ए) भा.न्या.सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा विधि से संघर्षरत बालक निवासी पीपरतराई को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अपचारी बालक ने अपराध करना स्वीकार किया तथा अपने घर के पेटी के नीचे छुपाए गए सोने-चांदी के जेवरात को निकालकर पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस द्वारा उक्त आभूषणों को विधिवत् जप्त किया गया। बरामद आभूषणों में - सोने का तरकी - 01 नग (01 मासा), सोने का मंगलसूत्र - 01 नग (03 मासा),सोने का माला - 01 नग (09 मासा),चांदी का मुदरी - 01 नग,चांदी का बिछिया - 03 जोड़ी,चांदी का पायल - 01 जोड़ी,चांदी का करधन (हाफ) - 01 नग,चांदी का ताबीज- 01 नग,चांदी का चाबी गुच्छा - 01 नग जप्त आभूषणों की अनुमानित कीमत लगभग 1,60,000/- है।

## अवैध और जहरीली शराब की बिक्री के विरोध में भाजपा बूथ अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**एमसीबी।** मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर क्षेत्र में अवैध और जहरीली शराब के बढ़ते कारोबार के खिलाफ स्थानीय नागरिकों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के बूथ क्रमांक 10, वार्ड क्रमांक 04 (मौहारपारा, मनेन्द्रगढ़) के बूथ अध्यक्ष राजेश कुमार रजक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी) के नाम अपर कलेक्टर विनायक शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लेख किया गया है कि नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 04 (नाला के ऊपर) तथा ग्राम पंचायत चनवारीडांड के वार्ड क्रमांक 18, 19 और 20 (मलाईपारा) में लंबे समय से अवैध रूप से जहरीली शराब का निर्माण एवं बिक्री की जा रही



है। इन अवैध गतिविधियों के चलते स्थानीय युवाओं सहित ग्रामीण वर्ग नशे की चपेट में आ रहे हैं जिससे क्षेत्र में सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं बढ़ रही हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इन वार्डों में शराब बनाने वाले लोग खुलेआम कारोबार कर रहे हैं। कई बार वार्डवासी और स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा इन लोगों को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने विवाद करने की कोशिश की और यहां तक कि धमकियाँ भी दीं। इस संबंध में चनवारीडांड ग्राम पंचायत की उपसरपंच एवं वार्ड क्रमांक 20 की पंच किरण रजक ने बताया कि हमारे द्वारा बार-बार उन्हें शराब निर्माण और बिक्री बंद करने की समझाइश दी गई है लेकिन उन्होंने उल्टा कहा कि इस मामले से दूर रहो नहीं तो परेशानी में पड़ जाओगे। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते कठोर कार्यवाही नहीं की तो स्थिति गंभीर हो सकती है। राजेश कुमार रजक ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय जनता लंबे समय से इस समस्या से परेशान हैं। अवैध शराब ना केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि यह समाज के युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि इस पर तत्काल छापेमारी कर अवैध शराब के निर्माण स्थलों को नष्ट किया जाए और इसमें लिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाये। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजेश रजक, प्रवीण यादव अशोक खटीक, गौरव मिश्रा राजेश सोंधिया, लक्ष्मी कोरी कुसुम जायसवाल, रेखा गुप्ता वाशु यादव के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# बुंदेली में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दी गई मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी-राहुल वेंकट.....

**एमसीबी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे की थीम पर बुंदेली हाई स्कूल में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, भावनात्मक सशक्तिकरण और समग्र व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित एक भव्य एवं प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति हब की जिला समन्वयक तारा कुशवाहा द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने प्रभावशाली संचालन और प्रेरक शब्दों से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। आज के कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता अमीषा कुशवाहा, चाइल्ड लाइन की परामर्शदाता रूमा पाठक, बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता राकेश कुमार साहू ने भी बालिकाओं के जीवन में आने वाली समस्याओं पर बातचीत किया और उन समस्याओं के समाधान के बारे में बालिकाओं को जानकारी प्रदान किया। विद्यालय परिसर इस अवसर पर उत्साह, ऊर्जा और जागरूकता से सराबोर रहा, जहाँ छात्राओं और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण, परीक्षा के दबाव से निपटने, तथा जीवन में संतुलन और दृढ़ता बनाए रखने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। मनोवैज्ञानिकों ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है, क्योंकि



एक सशक्त मन ही सशक्त समाज और सफल भविष्य की नींव रखता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को योग, ध्यान, आत्म-चिंतन और समय प्रबंधन जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि आधुनिक प्रतिस्पर्धा के इस युग में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बालिकाओं को प्रेरित किया गया कि वे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में हिचकिचाएँ नहीं और जरूरत पड़ने पर परिवार, शिक्षकों या मित्रों से खुलकर संवाद करें। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे और महिला सशक्तिकरण - मिशन शक्ति हब थीम पर आधारित निबंध, भाषण और पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। उनके बनाए पोस्टर और स्लोगन समाज को यह संदेश दे रहे थे कि एक सशक्त बेटी ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। छात्राओं की प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और मानसिक दृढ़ता का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति खुली चर्चा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक बेटी को अपने भीतर के विचारों और भावनाओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अवसर मिलना चाहिए। मानसिक चुनौतियों से निपटने के लिए सहायता मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि एक समझदारी भरा कदम है। शिक्षकों ने छात्राओं को अनुशासन, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को स्वस्थ मन, सशक्त बेटी - मजबूत समाज की नींव थीम पर आयोजित किया गया।

## सिविक सेंटर उद्यान का नवीकरण होगा जल्द....

■ निगम व बालको ने लिया जायजा

**कोरबा।** अल्युमिनियम सिटी बालकोनगर के सिविक सेंटर स्थित उद्यान को बेहतर करने की योजना बनी है । नगर निगम और बाल को प्रबंधन की आपसी भागीदारी से इस काम को किया जाना है। अधिकारियों ने आज यहां पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। ब्लूप्रिंट तैयार करने के साथ आगे का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। नगर निगम कमिश्नर आशुतोष पांडेय, बालकों के प्रमुख अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि आज पूर्वान्ह सिविक सेंटर के इस उद्यान में पहुंचे। कई दशक पुरानी सिविक सेंटर के इस उद्यान को अल्युमिनियम प्रबंधन के द्वारा विकसित किया गया और कुछ संसाधन स्थापित किए गए। कालांतर में इनका नामोनिशान मिट गया। मौजूदा स्थिति में यहां पर केवल हरियाली नजर आ रही है। सुबह शाम लोगों की उपस्थिति शारीरिक अभ्यास और फुर्सत के घंटे का उपयोग करने के लिए यहां पर दर्ज होती है। उद्यान को बेहतर करने के लिए विचार किया जा रहा है। अधिकारियों का दौरा इसी कड़ी में आज यहां पर हुआ। उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के साथ उन पहलुओं पर विचार किया जिसके जरिए यहां आवश्यक संसाधन दिए जा सकते हैं और इसे और ज्यादा उपयोगी बनाया जा सकता है।



# मस्तिष्क को स्वस्थ रखता है 20 मिनट का वर्कआउट!

**एक शोध से यह बात सामने आई है कि अगर आपने रात में अच्छी नींद नहीं ली है, तो केवल 20 मिनट का व्यायाम आपके मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकता है।**

पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि नींद, ऑक्सीजन का स्तर और व्यायाम हमारी मानसिक कार्य करने की क्षमता को कैसे प्रभावित करते हैं। टीम ने पाया कि मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम से सोचने की क्षमता में सुधार होता है, चाहे किसी व्यक्ति की नींद की स्थिति या ऑक्सीजन का स्तर कुछ भी हो। यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ स्पोर्ट हेल्थ एंड एक्सरसाइज साइंस (एसएचईएस) के जो कॉस्टेलो ने कहा, हम मौजूदा शोध से जानते हैं कि ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर भी व्यायाम हमारे सोचने की क्षमता को बेहतर बनाता है लेकिन यह पहला अध्ययन है जो सुझाव देता है कि पूर्ण और आंशिक नींद की कमी के बाद और हाइपोक्सिया के साथ यह मानसिक विकास में भी सुधार करता है। उन्होंने कहा, व्यायाम और इन तनावों के बीच संबंधों के बारे में हम जो जानते हैं, उसमें ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण रूप से जुड़ते हैं और इस संदेश को सुदृढ़ करने में मदद करते हैं कि व्यायाम शरीर और मस्तिष्क के लिए दवा है।

फिजियोलॉजी एंड बिहेवियर में प्रकाशित अध्ययन में दो प्रयोग शामिल थे, प्रत्येक में 12 प्रतिभागी (कुल 24) थे।

पहले में किसी व्यक्ति के संज्ञानात्मक प्रदर्शन पर आंशिक नींद की कमी के प्रभाव को देखा गया, और दूसरे ने कुल नींद की कमी और हाइपोक्सिया के प्रभाव की जांच की। दोनों में सभी प्रतिभागियों ने 20 मिनट की साइकिलिंग के बाद मानसिक विकास प्रदर्शन में सुधार का अनुभव किया। कॉस्टेलो ने कहा, क्योंकि हम व्यायाम को एक सकारात्मक हस्तक्षेप के रूप में देख रहे थे, इसलिए हमने अनुशंसित मध्यम तीव्रता वाले एक्सरसाइज का उपयोग करने का निर्णय लिया। यदि व्यायाम अधिक लंबा या कठिन होता तो इसके नकारात्मक परिणाम बढ़ सकते हैं और यह स्वयं तनाव का कारण बन सकता था। पहले प्रयोग में व्यक्तियों को तीन दिनों में रात में केवल पांच घंटे सोने की अनुमति दी गई थी।

प्रत्येक सुबह उन्हें आराम करने के लिए और फिर साइकिल चलाने के दौरान सात कार्य दिए गए। उन्हें कार्य पूरा करने से पहले अपनी नींद और मनोदशा का मूल्यांकन करने के लिए भी कहा गया। परिणामों से पता चला कि कार्यों पर तीन रातों की आंशिक नींद का प्रभाव असंगत था। पेपर में कहा गया है कि इसका स्पष्टीकरण यह हो सकता है कि कुछ लोग हल्की या मध्यम नींद की कमी के प्रति अधिक लचीले होते हैं। हालांकि, नींद की स्थिति की परवाह किए बिना, मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम ने सभी कार्यों में प्रदर्शन में सुधार किया। दूसरे प्रयोग में प्रतिभागियों को पूरी रात बिना नींद के गुजारनी पड़ी और फिर उन्हें विश्वविद्यालय के चरम पर्यावरण प्रयोगशालाओं में हाइपोक्सिक (ऑक्सीजन का निम्न स्तर) वातावरण में रखा गया। ऑक्सीजन का स्तर कम होने के बावजूद, व्यायाम से मानसिक विकास में सुधार जारी रहा।



# आंखों को राहत देगा गुलाब जल

**वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल न केवल आपके पूरे स्वास्थ्य पर असर डालता है बल्कि इसका असर आपकी नाजुक आंखों पर भी पड़ता है।**

वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं इसी के साथ ही मोबाइल के संपर्क में भी हम ज्यादा रह रहे हैं जिससे आंखों में जलन, धुंधला दिखना व खुजली जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों की देखभाल करें और जब भी आंखों पर दबाव महसूस करें तो स्क्रीन से दूर हो जाएं और बीच-बीच में आंखों को ठंडे पानी से भी धोते रहें। आंखों की जलन की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। भले ही इस वक्त आप घर पर हैं लेकिन आंखों में जलन आप महसूस करते होंगे। इसलिए इन समस्याओं से निजात पाने के लिए आपको अपनी आंखों की सही देखभाल की जरूरत है, वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल आपको आंखों की समस्या से निजात दिला सकता है। गुलाब जल के इस्तेमाल से आंखों को ठंडक मिलती है, साथ ही ताजगी महसूस होती है। ओवरटाइम काम करने के दौरान आंखों में तनाव महसूस होता है इसके लिए खुद को रिलेक्स करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप कॉटन में गुलाब जल डालें और इसे अपनी आंखों पर रखकर कुछ देर के लिए आंखों को आराम दें। गुलाब जल को आंखों में डालने से भी तुरंत राहत मिलती है, साथ ही फ्रेश महसूस होता है। अतः अपने आंखों का ध्यान रखें और समय-समय पर अपनी पलकों को झपकाते रहें।




# इन 5 फूड से करें हाई बीपी को कंट्रोल

**हाई ब्लड प्रेशर एक सामान्य बीमारी है, जो लंबे समय में हार्ट फेल जैसे गंभीर परिणाम देता है। इस बीमारी को साइलेंट किलर भी कहा जाता है, क्योंकि इसके होने पर कोई संकेत नजर नहीं आते हैं। यह बीमारी खून की नलियों के सिकुड़ने से और गंभीर हो जाती है।**

न्यूट्रिशनिस्ट ने हाल ही में कुछ पोटेशियम युक्त फूड की लिस्ट शेयर की है जिसके सेवन से हाई बीपी की परेशानी को घर पर ही कंट्रोल किया जा सकता है। एक्सपर्ट बताती हैं कि हार्ट डिजीज के जोखिम को बढ़ाने वाले हाई ब्लड प्रेशर को खानपान और जीवनशैली में बदलाव से ठीक किया जा सकता है।

## केला

पोटेशियम सोडियम के प्रभाव को कम करता है और खून की नलियों में तनाव को कम करता है। ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए केले का सेवन फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में पोटेशियम मौजूद होता है।

## खजूर

खजूर में भरपूर मात्रा में पोटेशियम और मैग्नीशियम के साथ-साथ सोडियम कम मात्रा में होता है। पोटेशियम और मैग्नीशियम दोनों ही नलियों में खून के फ्लो को सुगम बनाने और उच्च रक्तचाप को कम करने के लिए जाने जाते हैं।

## नारियल पानी

नारियल पानी में पोटेशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो इसे हाई ब्लड प्रेशर वाले मरीजों के लिए सेहतमंद बनाता है। लेकिन यदि आप हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं ले रहे हैं, तो इसके सेवन से बचें।

## अमरनाथ का आटा

रोज चौलाई जैसे साबुत अनाज खाने से ब्लड प्रेशर के लेवल को कम करने में मदद मिल सकती है। अमरनाथ का आटा उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, पोटेशियम, आहार फाइबर और खनिजों का एक उत्कृष्ट स्रोत है। इसमें पेप्टाइड्स भी होते हैं जिसमें एंटीहाइपरटेन्सिव गुण होते हैं।

## मोठ दाल

मोठ दाल फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, प्रोटीन से भरपूर होती है। यह बॉडी में उन एंजाइम को रोकने काम करती है, जो ब्लड प्रेशर को बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए मोठ दाल फायदेमंद होता है।

# कैसे पहचानें कि इम्यून सिस्टम है कमजोर



**इम्यून सिस्टम के मजबूत होने पर हम बीमारियों से लड़ सकते हैं। यदि हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत है तो बीमारी हम पर हावी नहीं हो सकती। हमारा इम्यून सिस्टम कमजोर है तो हम इसको कैसे पहचान सकते हैं आइए जानते हैं।**

अगर आपको लगता है कि आप बार-बार बीमार हो रहे हैं और जुकाम की शिकायत रहती है। बार-बार सर्दी हो जाना और यदि आपके आस-पास ऐसा कोई व्यक्ति है जिसे खांसी है और आपको भी इससे जल्दी खांसी या सर्दी हो जाती है तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। बदलते मौसम का आपको बीमार करना आपके कमजोर इम्यून सिस्टम को दर्शाता है। यदि आप मौसम के बदलने पर बीमार हो रहे हैं तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। व्यायाम करते समय सांसों का फूलना व जल्दी थक जाना यह कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। नींद न आना, आंखों के नीचे काले घेरे, थकान महसूस होना- यह भी कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की अपेक्षा बार-बार बीमार होते हैं, जुकाम की शिकायत रहती है, खांसी, गला खराब होना या स्किन रैशेज जैसी समस्याएं रहती हैं तो बहुत पॉसिबल है कि यह आपके इम्यून सिस्टम की वजह से हो। कैंडिडा टेस्ट का पॉजिटिव होना, बार-बार यूटीआई, डायरिया, मसूड़ों में सूजन, मुंह में छाले वगैरह भी खराब इम्यूनिटी के लक्षण हैं।

# कभी खाली पेट न खाएं ये चीजें



**कभी-कभी ऐसा होता है कि हमें बहुत तेज भूख लग जाती है और हम उस वक्त हमें जो भी उपलब्ध होता है, वो खाने लग जाते हैं लेकिन ऐसा करना आपके लिए घातक हो सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक तेज भूख लगने पर कुछ ऐसी चीजें है, जिन्हें नहीं खाना चाहिए।आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वो चीजें-**

## अमरुद

अमरुद एक ऐसा फल है, जिसे अलग-अलग स्थितियों में खाने पर अलग-अलग परिणाम देखने को मिलते हैं यानी अगर आप सर्दियों में सुबह के वक्त खाली पेट अमरुद खाएंगे, तो आपको पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। वहीं, गर्मी में खाली पेट अमरूद खाएंगे, तो यह फायदा देता है। ऐसे में आपको खाली पेट अमरूद नहीं खाना चाहिए।

## सेब

सर्दियों में खाली पेट सेब खाने से बीपी बढ़ सकता है, अगर सुबह सबसे पहले यानी बिना कुछ खाए आप सेब खा लेते हैं, तो इस दिक्कत का सामना आपको करना पड़ सकता है लेकिन गर्मी में आप खाली पेट सेब खा सकते हैं।

## टमाटर

टमाटर की तासीर गर्म होती है। इसे आप सर्दी के मौसम में तो खाली पेट खा सकते हैं लेकिन गर्मी के मौसम में ऐसा करने पर पेट में या सीने में जलन की समस्या हो सकती है। आपको सुबह के समय टमाटर खाने से परहेज करना चाहिए।

## चाय-कॉफी

चाय या कॉफी को खाली पेट पीने से बचना चाहिए ।आप चाय या कॉफी को बिस्किट, ब्रेड के साथ ले सकते हैं लेकिन खाली पेट या तेज भूख लगने पर सिर्फ चाय-कॉफी न लें, इससे आपके पेट में गैस बन सकती है।

## दही

बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें दही फायदे की जगह पर हानि पहुंचा देती है ।ऐसे में दही को सुबह के समय खाली पेट खाने से बचना चाहिए, वर्ना आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

# राज्य स्थापना रजत जयंती पर मनाया गया कौशल महोत्सव





## एस.आर.चिखली दुर्ग(ङ्कञ्जक्क)के छात्र छात्राओं ने बांधा शमा

## अतिथियों ने S.R.VTP के छात्र छात्राओं की जमकर तारीफकी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती के मौके पर दुर्ग जिले में आयोजित कौशल महोत्सव कार्यक्रम में एस.आर. से संबंधित वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाईडर के छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर अतिथियों का मनमोह लिया।

आयोजित कार्यक्रम के तीसरे दिन 8 अक्टूबर को VTP, गांधी कम्प्यूटर्स, दुर्ग में कौशल महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एस.आर. हॉस्पिटल × रिसर्च सेंटर से संबंधित वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाईडर के छात्र छात्राए शामिल हुई.जिन्होंने डांस एवं गीत संगीत प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी.इस दौरान मौजूद मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने एस.आर. चिखली दुर्ग के बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की.आपको बता दें, दुर्ग जिले में संचालित 7 वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाईडर (VTP) के 57 प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी . चार अलग अलग तरह की आयोजित स्पर्धा के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथि श्रीमान उत्तम ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर दुर्ग एवं नोडल अधिकारी श्रीमान व्ही. के. केडिया उप संचालक रोजगार एवं सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण दुर्ग के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। और छात्र छात्राओं की उज्वल भविष्य की अतिथियों ने शुभकामनायें दी. इस अवसर पर समस्त ङ्कञ्जक्क के संचालक और प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# मंडी में मजदूर की रहस्यमयी मौत, चेहरे पर चोट के निशान, हत्या की आशंका

**दुर्ग।** थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आज सुबह इंदिरा मार्केट सब्जी मंडी में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मृतक की पहचान नरेश ठाकुर (32 वर्ष), निवासी राजीव नगर, दुर्ग के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब 5:45 बजे सब्जी मंडी में एक युवक के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने पाया कि युवक की मौत हो चुकी है।

थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम ने बताया कि मृतक सब्जी मंडी में ही रोजी-मजदूरी का कार्य करता था और स्थायी निवास स्थान न होने के कारण अक्सर मंडी या आसपास ही रात गुजारता था। वह शराब पीने का आदी था और मिर्गी की बीमारी से भी पीड़ित बताया जा रहा है।



सुबह चाय ठेले वाले ने जब युवक को अचेत अवस्था में देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रारंभिक जांच में मौत के कारणों पर संदेह बना हुआ है, क्योंकि शव के बाएं गाल पर चोट के निशान पाए गए हैं। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत साजा विकासखण्ड में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

## शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत आज विकासखण्ड साजा में शासकीय शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस अंकेक्षण का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ बनाना है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) के नेतृत्व में अंकेक्षण दल द्वारा साजा ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इनमें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय साजा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटवानी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा सहित कई विद्यालय शामिल रहे। अंकेक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्रों के सीखने के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षण पद्धति, तथा संसाधनों के उपयोग एवं रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की गई। विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनके सीखने की क्षमता एवं शिक्षण सामग्री की उपलब्धता का भी मूल्यांकन किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि



प्रत्येक छात्र में गुणवत्तापूर्ण अधिगम सुनिश्चित करना है। विद्यालय स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ सामुदायिक निगरानी भी इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। अंकेक्षण टीम ने शिक्षकों से शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के लिए नवाचार अपनाने, नियमित मूल्यांकन करने और विद्यार्थियों को सक्रिय अधिगम की दिशा में प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। वहीं स्कूल प्रबंधन समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने पर भी बल दिया गया, ताकि समुदाय की भागीदारी से शिक्षा प्रणाली और अधिक प्रभावी बन सके। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, पालकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सामाजिक अंकेक्षण के परिणामों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने जनमन योजना, जिले में स्वीकृत कार्यों सहित अधोसंरचना परियोजनाओं के प्रगति की गहन समीक्षा की

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने जनमन योजना, एग्रीस्टेक परियोजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, गिरदावरी, जनप्रतिनिधियों की निधियों से स्वीकृत कार्यों सहित समस्त अधोसंरचना परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान जनमन योजना के अंतर्गत बैगा जनजाति के लिए बन रहे आवासों की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि वनांचल क्षेत्रों में एक भी कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में तत्परता दिखाएं और आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान कर निर्धारित समय सीमा के भीतर आवास निर्माण पूर्ण



किया जाए। उन्होंने कहा कि एक भी कार्य प्रारंभ रहित नहीं रहना चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, विनय पोयाम, डिप्टी कलेक्टर आर.बी. देवांगन, सर्व एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में लंबित सभी प्रकरणों की अद्यतन सूची तैयार कर क्रमबद्ध और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत समाधान के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा जैसे मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। समय सीमा के बाहर कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित भूमि अधिग्रहण मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें ताकि निर्माण कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री, सांसद निधि, विधायक निधि एवं विभिन्न अनुशंसा से स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने मिनी स्टेडियम, सीसी रोड, नाली निर्माण, मंच निर्माण और महतारी सदन जैसी घोषणाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की स्थल निरीक्षण नियमित रूप से करें। कलेक्टर वर्मा ने एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत किसानों के फार्मर आईडी निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह कार्य किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी ढंग से प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली और निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी कार्य में विलंब अथवा गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से मिली राधिका को नई ऊर्जा

**बेमेतरा।** आधुनिक प्रतिस्पर्धा के इस युग में जहां हर व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की जद्दोजहद में लगा हुआ है, वहीं मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह सर्वविदित है कि किसी व्यक्ति का संपूर्ण विकास माँ के गर्भ से ही आरंभ होता है। गर्भावस्था के दौरान लिए गए संतुलित आहार और पोषण से न केवल माँ का स्वास्थ्य बेहतर रहता है बल्कि शिशु का भी समुचित विकास होता है। ग्राम मोहभट्ठा (सेक्टर देवरबीजा-02, विकासखण्ड बेरला) की निवासी राधिका ने अपने जीवन में इस बात को पूरी तरह आत्मसात किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता योगेश्वरी यादव द्वारा गृहभेंट के दौरान राधिका को नियमित रूप से संतुलित आहार, स्वच्छता, और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभों के बारे में बताया गया।



राधिका का गर्भ का पाँचवाँ माह पूर्ण होते ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत प्रथम किस्त हेतु पंजीयन किया गया। कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक द्वारा उसे कैल्शियम, आयरन तथा रेडी टू ईट आहार का उपयोग करने के लिए निरंतर प्रेरित किया गया। गर्भावस्था के दौरान जब राधिका को पता चला कि वह जुड़वा बच्चों की माँ बनने वाली है, तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऐसे समय में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की पहली किस्त 3,000 उसके खाते में प्राप्त हुई, जो उसके लिए बेहद उपयोगी सिद्ध हुई। राधिका ने इस राशि का सदुपयोग अपने पोषण और स्वास्थ्य सुधार में किया। प्रसव के पश्चात राधिका ने जुड़वा दो बच्चियों को जन्म दिया। जब बच्चियों का प्रथम टीकाकरण चक्र पूर्ण हुआ, तब योजना के अंतर्गत द्वितीय किस्त के लिए आवेदन किया गया। जल्द ही राधिका को डीबीटी के माध्यम से 2,000 की दूसरी किस्त भी प्राप्त हो गई। इस प्रकार उसे कुल 5,000 की राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की गई।

### योजना से मिला सुरक्षित मातृत्व

राधिका बताती हैं कि यह राशि उनके और उनकी बच्चियों के लिए रामबाण साबित हुई। इससे उन्हें बेहतर आहार, स्वास्थ्य देखभाल और बच्चों के लिए पोषण सामग्री की व्यवस्था में मदद मिली। वर्तमान में राधिका और उनकी जुड़वा बच्चियाँ पूरी तरह स्वस्थ हैं तथा उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग की अन्य योजनाओं जैसे पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, एवं स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं का लाभ निरंतर मिल रहा है।

### शासन के प्रति आभार

राधिका कहती हैं कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने मेरे जैसे अनेक माताओं को सशक्त बनाया है। गर्भावस्था के समय मिली आर्थिक सहायता ने मुझे और मेरी बच्चियों को स्वस्थ जीवन की राह दिखाई। इसके लिए मैं शासन एवं महिला बाल विकास विभाग की आभारी हूँ।

### सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में पहल

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से बेमेतरा जिले में हजारों गर्भवती एवं धात्री माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह योजना मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने, पोषण स्थिति सुधारने तथा महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# दुर्ग कलेक्ट्रेट में एक किसान ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़का





**दुर्ग।** 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना से प्रभावित किसानों ने गुरुवार दुर्ग कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर से मिलने की गुहार लगायी.लेकिन पुलिस प्रशासन और अधिकारियों के मना कर दिया जिससे नाराज किसान ढालेश साहू ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया जिससे अफ़रा-तफ़री मच गई.इससे पहले वह अपने आप को आग लगाता पुलिस ने तत्काल उसको पकड़ा और उसके ऊपर पानी डाला। इसके बाद अधिकारियों ने किसानों को कलेक्टर से मिलने की अनुमति दी।

फोटो: नाहीद शेख

# सरिता जैन ने जन्मदिन पर कराया नेवता भोजन और कपड़ा वितरण



**थान-खमरिया।** समीपस्थ ग्राम गोपालपुर में थान खमरिया नगर के प्रतिष्ठित व्यसायी, विभिन्न प्रकार के संगठन से जुड़े हुए अनमोल जैन के धर्मपत्नी समाजसेवी सरिता जैन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शरद पुर्णिमा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर के लगभग 160 विद्यार्थी को नेवता भोजन में खीर, पूड़ी, सब्जी, जलेबी खिलाया गया और सभी बालिका को नया कपड़ा एवं बालक को कलर पेंसिल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी के साथ साथ शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दौलत नाथ योगी, दुर्गा योगी, सुरती योगी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# हायर सेकेंडरी मल्दा के टिकेश यादव का कुश्ती में राष्ट्रीय स्तर के लिये चयन



**बेमेतरा।** नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपने मुकाम को प्राप्त कर ही लेता है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दा विकासखंड नवागढ़ कक्षा ग्यारहवीं साइंस के छात्र टिकेश यादव 25 वीं राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लेकर राष्ट्रीय स्तर के कुश्ती प्रतियोगिता के लिये चयन हुआ है। छात्र व्यायाम व खेलकूद शिक्षक राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन मे लगातार अभ्यास करते रहे और परिश्रम के प्रतिफल अपना प्रदर्शन भी बखूबी किया। जिससे उन्होंने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार तिवारी व स्टॉफ ने शुभकामनायें प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही संकुल समन्वयक (सीएससी) कौशल साहू, पूर्व माध्यमिक शाला मल्दा के प्रधान पाठक कुमार साहू, शासकीय प्राथमिक शाला प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस ने भी छात्र, शिक्षक व संस्था के समस्त स्टॉफ को बधाई देकर छात्र को राष्ट्रीय स्तर पर सफल होने की शुभकामनायें प्रदान की है। संस्था ग्राम पंचायत परिवार व समाज के लोगो ने बधाई प्रेषित कर आगे निरन्तर बढ़ने की शुभकामनायें दी है।

# श्रीमद भागवत में अलौकिक जीवन दर्शन : पं.रूपेश महाराज

## तारामती, सीता, द्रौपति, सीता को बताया पतिव्रता की मूर्ति, झांकी के माध्यम से संगीतमयी कथा की प्रस्तुति

**डोंगरगांव नगर।** नगर के वार्ड 14 स्थित महाकाल मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की अविरल भक्ति धारा प्रवाहित हो रही है। कथा व्यासपीठ से भगवताचार्य पं. रूपेश महाराज, माना रायपुर प्रतिदिन श्रोताओं को भगवत कथा में जीवन दर्शन को पिरोकर अमृत रसपान करा रहे हैं। झाँकी के माध्यम से सचित्र वर्णन कर रहे हैं। संगीत मंडली के प्रासंगिक भजनों के माध्यम से भवसागर में गोता लगा रहे हैं। स्थानीय शर्मा परिवार द्वारा श्राद्ध निमित्त भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक ने तीसरे दिन प्रहलाद कथा के माध्यम से भक्ति की शक्ति का बखान करते हुए बताया कि प्रहलाद के बाल्यवस्था में भी उनकी सगुण भक्ति से भगवान को अज्ञात काल में प्रकट होकर बुराई का अंत करना पड़ा। ध्रुव चरित्र में ध्रुव द्वारा पिता से उपेक्षा एवं सौतेली माता से तिरस्कार मिलने पर



आत्मसम्मान के लिए तपस्या मार्गी होने का सारगर्भित वर्णन किया। चौथे दिन की कथा में राजा हरिशचंद्र, तारामती व रोहित कुमार की कथा वर्णन में मातृत्व शक्ति, पतिव्रता धर्म व उनकी विवशता को प्रतिबिंबित करते हुए पति व पुत्र के प्रति प्रतिबद्धता को भावपूर्ण ढंग से बताया तो समूचा पंडाल रो पड़ा था। श्रोतागण भावविभोर होकर रोने लगे थे। क्षीरसागर के अमृत मंथन में भगवत अवतार व अमृतपान के लिए योग्य होने धर्मावलंबी होना आवश्यक निरूपित किया। वामन अवतार की कथा में पं. रूपेश महाराज ने भगवत और भक्ति की पराकाष्ठा को वामन स्वरूप से 3 पग जमीन की कथा के माध्यम से रोचक ढंग से बताया। उन्होंने मानवजीवन अभिमान रहित निर्वहन करने धर्मकर्म से जुड़े रहने की अपील की। बालकृष्ण मानस परिवार बलौदाबाजार की भजन मंडली के सुमधुर भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

### रामकृष्ण जन्म व रुकमणी विवाह

कथा में 5 व 6 वें दिन राम व कृष्ण जन्म एवं श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह का सजीव वर्णन झांकी के माध्यम से किया गया। इस दौरान भजनों की प्रासंगिक प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं दहीलुट से बाललीला का वर्णन किया। 56 भोग का महत्व बताते हुए रासलीला को चित्रांकित किया। वहीं श्रीकृष्ण के बारात में सभी बाराती जमकर थिरके।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com